Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 07 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अहिंसा रूपी देवता को आज धरती पर लाने की जरुरत है।
It is the need of the day to bring the deity of nonviolence on earth.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली जाएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली की यात्रा पर जाएंगे। यहां वो 13-15 जून तक पुगलिया में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के न्योते पर शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी को जी7 शिखर सम्मेलन में मौजूद दूसरे विश्व नेताओं के साथ भारत और ग्लोबल साउथ के लिए कई अहम मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### कठुआ में दूसरा आतंकवादी भी ढेर, बैग से चौंकाने वाली चीजें

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है. मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया जा चुका है. सुबह यहां पर गोलीबारी में एक आंतकी को मौत के घाट उतारा गया है था, हालांकि इसके बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी था. दोपहर तक सेना के जवानों को एक और सफलता मिली. मुठभेड़ में दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया गया. बता दें कि कठुआ जिले के एक गांव में सुबह हुए आतंकी हमले के बाद से ही सेना और आतंकियों के बीच गोलीबारी और लुका-छिपी चल रही थी. जंगलों में आतंकी छिपने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेना ने उन्हें घेरने की पुख्ता तैयारी कर ली.

## ओडिशा में पहली बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार

# मोहन चरण माझी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ





### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है. ओडिशा के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के जनता मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे हैं. ओडिशा के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने नए मंत्रिपरिषद के साथ शपथ ग्रहण की. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ओडिशा में पहली बार बीजेपी की सरकार बनी है. इसके साथ ही 24 साल बाद राज्य में कोई नया मुख्यमंत्री आने वाला है. इससे पहले आंध्र प्रदेश में टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू ने भी राज्य के नए मुख्यमंत्री की शपथ ली. चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं. उनके साथ पवन कल्याण और नारा लोकेश ने भी शपथ ली है.

मोहन चरण माझी के साथ ओडिशा के मनोनीत उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा के साथ अन्य नेताओं ने भी शपथ ली. माझी के शपथ ग्रहण समारोह में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा समेत कई केंद्रीय नेता भी मौजूद रहे. ओडिशा शपथ ग्रहण समारोह में सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड और कृष्ण चंद्र पात्रा ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में मंत्री के रूप में शपथ ली.

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ कुछ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. शपथ लेने वाले विधायकों में मुकेश महिलांग, बिभूति जेना, पृथ्वी राज हरिश्चंदन, कृष्ण चंद महापात्रा, सूर्यबंसी सूरज, नित्यानंद गोंड, संपद स्वाई और प्रवी नायक आदि शामिल हैं. आपको बता दें कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी ने 147 विधानसभा सीटों में 78 सीटें जीती हैं. हालांकि पहले मुख्यमत्री पद के लिए धर्मेंद्र प्रधान का नाम आगे चल रहा था. धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से सांसद चुने गए हैं, जिनको केंद्र में शिक्षा मंत्री बनाया गया है.

## साय ने दी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री माझी को शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित ओडिशा के नये मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री माझी को पुष्प गुच्छ भेंटकर अपनी शुभकामनाएं दीं। साथ ही ओडिशा के नए उप मुख्यमंत्री द्वय के रूप में शपथ लेने वाले श्री के. वी. सिंहदेव और श्रीमती प्रवती परिदा सहित मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सभी मंत्रिगणों को भी अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के कुशल नेतृत्व में ओडिशा राज्य निश्चित ही विकास के हर मानकों पर खरा उतरेगा। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी से कामना करता हूँ कि वन संपदा, खनिज संपदा और मेहनतकश लोगों से परिपूर्ण यह राज्य उत्तरोत्तर प्रगति करे, तरक्की के नए आयाम गढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने में ओडिशा राज्य भी अपनी महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभाएगा।

# चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ, पवन कल्याण होंगे उपमुख्यमंत्री





**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भावुक हो गए। लाखों लोगों और मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लिया। दर्शकों की जोरदार जय-जयकार के बीच 74 वर्षीय नायडू ने तेलुगु में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देने के लिए गुलदस्ता भेंट किया। नायडू इस दौरान काफी भावुक दिखाई दिए, जब उन्होंने पीएम मोदी को गले लगाया। फिर वो अपनी पत्नी भुवनेश्वरी के बगल में अपनी कुर्सी पर वापस आकर बैठ गए।

2021 में नायडू ने अपनी पत्नी का वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा कथित रूप से अपमान किए जाने के बाद विधानसभा से वॉकआउट किया था और तभी उन्होंने कसम खाई थी कि वो एक दिन फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जन सेना नेता पवन कल्याण अपने बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी के पास गए और उनके पैर छुए। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने मंत्री पद की शपथ ली। टीडीपी महासचिव लोकेश ने अपने पिता, प्रधानमंत्री मोदी और राज्यपाल का आशीर्वाद लिया।

विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित समारोह में एनडीए के कुल 24 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में जन सेना के तीन और भाजपा का एक मंत्री है।

इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू, पेम्मासनी चंद्रशेखर, चिराग पासवान, किशन रेड्डी, रामदास आठवले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी मौजूद थे।

मंच पर सुपरस्टार रजनीकांत, चिरंजीवी, लोकप्रिय अभिनेता और टीडीपी विधायक एन. बालकृष्ण भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री साय का ओडिशा के नवनिर्वाचित विधायकों ने जताया आभार

### कहा- जीत में मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार का बड़ा योगदान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज ओडिशा राज्य के नए मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी एवं उनके मंत्रिगणों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय से ओडिशा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए अनेक नवनिर्वाचित विधायकों ने भुवनेश्वर में सौजन्य मुलाकात कर उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन पर शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पड़ोसी राज्य ओडिशा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सघन चुनाव प्रचार किया था और इन इलाकों में भाजपा प्रत्याशियों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है। इसी आशय के साथ ही ओडिशा के नव निर्वाचित विधायक मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करने उनसे मिलने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री साय से विधायकों ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल ओडिशा का पड़ोसी राज्य है, बल्कि प्रदेश का बड़ा इलाका छत्तीसगढ़ से अपनी सीमा साझा करता हैं।

# ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शुद्ध पेयजल की सहज उपलब्धता हेतु नवीन वाटर एटीएम का किया लोकार्पण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के तहत शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 के तहत लाभांडी क्षेत्र में संकल्प सोसायटी फेस 2 में वहां के रहवासियों को शुद्ध पेयजल की सहज उपलब्धता करवाने वहां नगर निगम द्वारा स्थापित नवीन वाटर एटीएम मषीन का लोकार्पण कर शानदार सौगात दी। नई वाटर एटीएम मषीन से संकल्प सोसायटी फेस 2 लाभांडी के रहवासियों को निःषुल्क मिनरल वाटर सहजता से उपलब्ध हो सकेगा। इस हेतु रहवासियों को वाटर एटीएम मषीन का उपयोग करने कार्ड उपलब्ध कराये गये है।

बाहर के रहवासी नागरिक इस वाटर एटीएम मषीन का उपयोग 1 रूपए का सिक्का उसमें डालकर 1 लीटर प्यूरिफाई मिनरल वाटर प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने नये वाटर एटीएम की मषीन का लोकार्पण होने पर संकल्प सोसायटी फेस 2 लाभांडी के सभी रहवासियों को हार्दिक बधाई दी एवं सभी नागरिको से वाटर एटीएम मषीन का पूर्ण सदूपयोग कर उससे सहज तरीके से प्यूरिफाई मिनरल वाटर प्राप्त करने का अनुरोध किया।

संकल्प सोसायटी फेस 2 के सभी रहवासियों ने परिसर में नई वाटर एटीएम मषीन की स्थापना एवं लोकार्पण हेतु रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से माना रायपुर मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप ठाकुर, नगर निगम अधीक्षण अभियंता श्री राजेष शर्मा, जोन 9 जोन कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री के.के. शर्मा, सहायक अभियंता श्री अंषुल शर्मा, उपअभियंता श्री कुंदन साहू सहित संकल्प सोसायटी फेस 2 लाभांडी के रहवासी गणमान्यजन सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विकास की रफ्तार और तेज करने मुख्यमंत्री साय लेंगे मैराथन बैठकें

### बैठक की शुरूआत होगी खेती-किसानी की तैयारियों से

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज करने के लिए विभिन्न विभागों में चल रहे कामकाज की गहन समीक्षा शुरू कर दी है। कल 13 जून से वे लगातार एक के बाद एक महत्वपूर्ण विभागों की बैठकें लेंगे और शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों के संबंध में दिशा-निर्देश देंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठकों की शुरूआत 13 जून को कृषि एवं उद्यानिकी तथा पशुधन विकास, मत्स्य पालन, दुग्ध महासंघ जैसे विभागों एवं संगठनों की समीक्षा के साथ की जाएगी। राज्य में शीघ्र ही मानसून के सक्रिय होने की संभावना है, इसे देखते हुए खेती-किसानी के काम में तेजी आ चुकी है। श्री साय किसानों को पहले ही आश्वस्त कर चुके हैं कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीजों की अबाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा उद्यानिकी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तरह पशुधन विकास और दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पहचान देश के प्रमुख मछली उत्पादक राज्य के रूप में होती है। राज्य सरकार मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर चुकी है। 14 जून को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा बैठकें लेंगे। इन बैठकों में वर्षा काल में होने वाली बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों एवं दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में वे जानकारी देंगे एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

# बलौदाबाजार घटना में हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से की जाएगी : उप मुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसक घटना की समीक्षा की गई है। मामले में समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने घटना में हुई करोड़ो के नुकसान की भरपाई दोषियों से करवाने की बात कही है।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बलौदाबाजार में हुई घटना के पीछे समाज से बाहरी लोगों का हाथ बताया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक नहीं यह असामाजिक लोगों का काम है। उन्होंने बताया कि मामले में न्यायिक जांच की घोषणा किए जाने के बाद सतनामी समाज ने संतुष्टि जाहिर की थी।

डिप्टी सीएम ने मामले आगे कहा, कि यह बहुत दुख का विषय है, यह नहीं लगता कि छत्तीसगढ़ के लोग हैं, इसमें बाहरी लोगों का हाथ है। उन्होंने कहा कि इस घटना योजनाबद्ध तरीके से की गई है। हाथ में पेट्रोल बोतल, डंडे-लाठी के साथ लोग नजर आए हैं।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 9 दिन और 9 रात मैं भी आंदोलन में बैठा था, लेकिन अंदर नहीं गया क्योंकि हमें अपनी सीमा पता है। लोकतंत्र में एक सीमा होती है, इसके आगे अराजकता होती है। सुंदर बिल्डिंग जला दी, किसी को इससे क्या मिला। डिप्टी सीएम शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा है, कि बलौदाबाजार में की गई आगजनी में करोड़ों का नुकसान हुआ है, तो इसकी भरपाई आरोपियों से ही की जाएगी।

भाजपा की तरफ से मामले में कांग्रेसी नेताओं पर समाज को भड़काने के आरोप को लेकर भी बयान दिया है. उन्होने कहा कि जांच में जिन-जिन लोगों का नाम सामने आएगा, सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पाटन में 220/132 केवी विद्युत उपकेंद्र, 160 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत, 209 गांवों सहित 80 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा विद्युत अधोसंरचना विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देशों के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के कार्यों में तेजी दिखाई पड़ने लगी है, जिसके तहत आज पाटन जिला दुर्ग में 220/132 के.वी. विद्युत उपकेंद्र तथा 160 एम.वी.ए. का ट्रांसफार्मर प्रबंध निदेशक, पारेषण कंपनी श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए अन्य कार्यों को भी अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है।

पाटन में इस अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने से धमतरी, दुर्ग तथा रायपुर जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस उपकेंद्र से नवनिर्मित 132/33 के.वी. उपकेंद्र अमलेश्वर को विद्युत सप्लाई दी जाएगी एवं भविष्य में 132/33 के.वी. उपकेंद्र अंडा, जामगांव, अर्जुनी, भखारा, भिलाई, रूआबांधा एवं 220/132 के.वी. उपकेंद्र डोमा को भी विद्युत प्रदाय किया जाएगा। इस उपकेंद्र के बनने से इस क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं विद्युत व्यवधान में कमी आएगी। यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपकेंद्र होगा। यहाँ से 12 नग फीडर निकलेंगे जो कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग, धमतरी जिलों को सुविधा प्रदान करेंगे। इस विद्युत उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने से 209 गांवों, 2 नगर पंचायतों, 2 नगरपालिका निगमों के लगभग 80, 000 विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस कार्य की लागत 58 करोड़ रुपये से अधिक है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशकगण के.एस. मनोटिया, राजेश चंद्र अग्रवाल, एम.एस. चौहान, मुख्य अभियंतागण डी.के. तुली, जी. आनंदराव, श्री अविनाश सोनेकर, ए.के. अंबस्थ, आर.एम. जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण श्रीमती चंद्रकला गिडवानी, वी.के. दीक्षित, अधीक्षण अभियंतागण पी.पी. सिंह एस.के. लखेरा, मनोज राय तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेहत और अर्थव्यवस्था के लिए आम की फसल काफी महत्वपूर्ण : कृषि मंत्री

### 327 से अधिक किस्मों के आमों का प्रदर्शनी, आम उत्पादक उत्कृष्ट किसानों का किया सम्मान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि आम का नाम लेते ही आम की खुशबू हर एक की जहन में आ जाता है। वैसे आम का नाम भले ही आम हो, लेकिन फलों का राजा और हम सबके स्वास्थ्य के लिए खास हैं, उससे भी ज्यादा खास वह किसान है जिन्होंने इस आम का उत्पादन किया है। उन्होंने देश और प्रदेश के किसानों को बधाई और धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश के बेहतरी के लिए जिन किसानों ने जीवन का अमूल्य समय दिया है वह सम्मान के पात्र हैं। आम की फसल न सिर्फ सेहत के लिए बल्कि आर्थिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण है। आम का फसल लेकर किसान समृद्ध और सुदृढ़ हो रहे हैं। मंत्री श्री नेताम आज कृषि महाविद्यालय रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के किसानों द्वारा लगभग 327 प्रकार के आम के किस्मों का प्रदर्शन किया गया है। साथ ही आम से बने हुए 56 प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मौके पर मंत्री श्री नेताम ने उत्कृष्ट किसानों को आम का पौधा भेंटकर सम्मानित किया।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का किया शुभारंभ

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा तो कहा ही जाता है इसके बाद यहां की और भी विशेषता है कि छत्तीसगढ़ की धरती में फल-फूल, मसाले से लेकर तमाम औषधि पौधों के फसलों के लिए उपयुक्त उर्वरा शक्ति उपलब्ध है। यहां की मिट्टी में विदेशों के आम के किस्मों के भी उत्पादन करने की क्षमता है। उन्होंने जापान की सबसे कीमती आम मियासाकी और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मीठे और रसीले आम हाथी छूल का उदाहरण देते हुए कहा कि यह मिट्टी दोनों प्रकार के आम को उत्पादित करने की क्षमता रखता है।

श्री नेताम ने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से पूरे परिवार के लिए पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जीतने प्रकृति के नजदीक जाएंगे सुखद अनुभव करेंगे। वहीं हम प्रकृति से जीतने दूर जाएंगे चुनौती हमारे सामने आती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसा वातावरण तैयार करें, फिर से प्रकृति सुन्दर हो। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि आम प्रकृति का अनुपम भेंट है। आम में पोषण आहार के साथ-साथ खनिज तत्व भरपूर मात्रा में उपलब्ध रहता है, जो हमारे शरीर के लिए लाभदायक है।

**आम प्रदर्शनी**- बैगनफली, बंगनफल्ली, सिन्दूरी, कजली, गोपालभोग, चौसा, खजरी चौसा, शरबती, खुसनारा, एप्पल मैंगो, नाजूक बदन, मिठुआ, अल्फांसी, आम्रपाली, बंगाल (लंगड़ा), थाईलैण्ड का थाई बनाना, जापान का मियाजाकी, सांईसुगंध, मल्लिका, दशहरी, तोतापरी, बस्तर का हाथीछूल जैसे 327 प्रकार के आम के किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मौके पर उद्यानिकी विभाग के संचालक एस. जगदीशन उपस्थित थे।

दैनिक

# विश्व परिवार

## रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसआरयू में हुआ एक दिवसीय सेमिनार प्रोसिडिंग विमोचन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में विकसित भारत @2047: अ चैलेंजिंग रिजॉल्यूशन विषय पर समाज विज्ञान संकाय द्वारा 11 मई 2024 को हुये एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रोसीडिंग का विमोचन वाइस चांसलर प्रो. एस. के. सिंह द्वारा किया गया। इस प्रोसीडिंग पुस्तिका में देश भर से आए 100 से अधिक शोध पत्रों के सारांश शामिल हैं। साथ ही संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं एवं पढ़े गए शोध पत्रों पर हुये विचार विमर्श को भी शामिल किया गया है। जो भारत सरकार की बहु-उद्देश्यभावी योजना %विकसित भारतञ्च2047% को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। इस विमोचन में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह एवं डीन एकादमिक डॉ आरआरएल बिरली के साथ समाज विज्ञान संकाय की डीन, संगोष्ठी के संयोजक और समाज विज्ञान के संकाय के सभी शिक्षक शामिल रहे।

### जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने संभाला पदभार

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिले के नये कलेक्टर दीपक सोनी ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 3 बजे सँयुक्त जिला कार्यालय



के कलेक्टर कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह जिले में 11 वे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह सूरजपूर, दंतेवाड़ा एवं कोंडागांव के कलेक्टर रह चुके है। इसके साथ ही रायपुर जिला पंचायत सीईओ का कामकाज भी सभांल चुके है। वह वर्तमान में रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, मनरेगा के रूप में कामकाज संभाल चुके है। श्री सोनी 2011 बैच के आईएएस हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गोते सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव, कोषालय अधिकारी श्री घिदौडे, सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

## 'इंप्रेशन' : भारतीय रेल की यात्रा के बारे में कुछ अधिकारियों ने एक समान रूप से आकर्षक पेंटिंग यात्रा शुरू की एवं उसमें खुद को भी प्रतिष्ठित किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 'इंप्रेशन' दृश्य कलाकारों और सिविल सेवकों, अर्थात् बख्तियार दादाभाई, मुकुल सरन माथुर, आशिमा मेहरोत्रा, कृष्णाथ एस. पाटिल और कुलदीप तिवारी द्वारा एक समूह प्रदर्शनी है। इन कलाकारों की कलाकृतियाँ 14-18 जून 2024 के दौरान विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाएंगी।





प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 जून 2024 को शाम 5 बजे एंबे. भास्वती मुखर्जी, अध्यक्ष, इंडिया हैबिटेट सेंटर, एवं सम्मानित अतिथि के रूप में श्रीमती जया वर्मा सिन्हा. अध्यक्ष एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाएगा। यह प्रदर्शनी लोगों के अवलोकन के लिए 15 से 18 जून 2024 तक (सुबह 11 बजे से शाम 07 बजे तक) खुला रहेगा।

यह प्रदर्शनी रूप और रंग के भावनात्मक और अभिव्यंजक गुणों पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कलाकार एक विशेष मनोदशा या भावना व्यक्त करता है। यह विभिन्न विषयों या रंग पट्टियों की खोज करते हुए प्रत्येक कलाकार के अद्वितीय दृष्टिकोण और शैलियों का जश्न मनाता है। पेंटिंग रंग, आकार और संरचना की सीमाओं को पार करते हुए अमूर्त कला की दुनिया में भी उतरती हैं। थीम को लचीला और समावेशी बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे प्रत्येक कलाकार को एक साझा ढांचे के भीतर एक अद्वितीय दृष्टि की व्याख्या और व्यक्त करने की अनुमति मिलती है। इन कलाकारों में शामिल हैं, आशिमा मेहरोत्रा जिनको कई कला के लिए जाना जाता हैं। कला श्रेणियों का माध्यम में जल रंग, ऐक्रेलिक, ऑयल से लेकर मिश्रित मीडिया तक शामिल है।

इस प्रदर्शनी में शामिल प्रत्येक कलाकारों का संक्षिप्त प्रोफ़ाइल नीचे दिया गया है- ( 1 ) बख्तियार दादाभाई, एक पूर्व सिविल सेवक और नौ पुस्तकों के लेखक, एक स्व-सिखाया कलाकार हैं जिन्होंने ऑयल पेंटिंग शुरू की लेकिन बाद में ऐक्रेलिक में बदल गए। उनकी वर्तमान कृति प्रकृति के वैभव से प्रेरित अमूर्त चित्रों को प्रदर्शित करती है। पेंटिंग्स प्राकृतिक दुनिया के सार को पकड़ती हैं, इसकी सुंदरता को कला के जीवंत अभिव्यंजक कार्यों में बदल देती हैं। उनका कार्य भावनाओं को जगाता है, कल्पना को जगाता है और दर्शकों को रूप, रंग और बनावट के बीच जटिल संबंधों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करता है। बोल्ड ब्रशस्ट्रोक और ज्वलंत रंगों के माध्यम से उनकी पेंटिंग्स प्राकृतिक दुनिया को इस तरह से जीवंत करती हैं जो न केवल व्यक्तिगत है बल्कि सार्वभौमिक अनुगूंज भी है। ( 2 ) मुकुल सरन माथुर रचनात्मकता, सटीकता और विवरणों पर नजर रखने वाले एक सिविल सेवक हैं। उनके कार्यों में उनके अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है जो प्राकृतिक दुनिया को मनुष्य में लाने के तरीके के रूप में अभिव्यक्तियों में समाहित हो जाती है। ऐसी दुनिया बनाई जो अक्सर अपने दर्शकों को पर्यावरण, विरासत और सामाजिक परिवेश और जीवन के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उनकी कला बातचीत को प्रोत्साहित करती है, प्रकृति और मानव अस्तित्व के बीच तालमेल और समय के साथ समाज के विकास पर उनके गहरे प्रभाव के बारे में। मुकुल का पसंदीदा माध्यम जल रंग और तेल है जिसके माध्यम से वह प्रकृति, प्रेम और सद्भाव की अपनी अंतहीन कहानियों को व्यक्त करते हैं। जबकि उन्हें जलरंगों के माध्यम की अत्यंत सरलता पसंद है, उन्होंने ऑयल चित्रकला को भी उत्साह और जुनून के साथ अपनाया है। ऑयल में उनका काम रंग और रूप के बीच एक संवाद है जो निरंतर उथल-पुथल के बीच सामंजस्य की तलाश करता है। ( 3 ) आशिमा मेहरोत्रा एक दृश्य कलाकार और दिल्ली स्थित एक सिविल सेवक हैं। उन्हें बचपन से ही कला में गहरी रुचि थी। वह हमेशा लोगों, प्रकृति और यात्रा से प्रेरित होती थीं। रेलवे और पर्यटन में उनकी नौकरी ने उन्हें भारतीय शहरों की विविधता और विभिन्न कला रूपों का पता लगाने में मदद की। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कला प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों में भाग लिया है और विभिन्न प्लेटफार्मों पर पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उन्होंने हाल ही में रेलवे की ओर से स्क्रैप धातु से बने इंस्टॉलेशन के विचार और कार्यान्वयन के लिए संस्कृति मंत्रालय के साथ सहयोग किया है। उनके सभी कार्य उनके अनुभवों और व्यक्तित्व का प्रतिबिंब हैं, आज वह अपनी स्वयं की दृश्य भाषा और आईएसएम के साथ दृश्य कलाकार है। ( 4 ) कृष्णनाथ पाटिल की रचनाएँ उनके जिज्ञासु अवलोकन, गहन ज्ञान और कला के प्रति उत्साह का उपहार हैं। वह एक स्व-प्रशिक्षित कलाकार हैं, जिन्होंने चित्रकला की विभिन्न विधियों, तकनीकों और अनुप्रयोगों के अध्ययन और अनुसंधान में गहराई से काम किया है। वह कई कलाकारों से प्रेरित हैं, जिनकी सूची लंबी और प्रभावशाली है। फिर भी, वह अपनी खुद की एक शानदार शैली लेकर आए हैं। यह कहना निश्चित रूप से अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एक कलाकार और एक सिविल सेवक के रूप में उनकी भूमिकाएँ लगभग अविभाज्य हैं और एक-दूसरे को अमर बनाती हैं। अमूर्तता को प्रकृति के साथ मिलाने की जीवंत कल्पना के साथ उनकी अपनी शैलीगत तकनीकों और पद्धतियों पर पकड़ है। वह अद्भुत घने और चमकदार रंगों से अद्भुत है। कला के प्रति भविष्यवादी दृष्टिकोण के साथ उनके पास कई समूह शो और एक एकल शो था, और वह अपनी कला को प्रेम और शांति की सच्चाई की खोज के लिए एक मंच के रूप में वर्णित करते हैं। ( 5 ) कुलदीप तिवारी एक दृश्य कलाकार और रेलवे में कार्यरत सिविल सेवक हैं। वह प्रकृति की विविध अभिव्यक्तियों से प्रेरित रहे हैं। वह मुख्य रूप से ऐक्रेलिक का काम करते हैं।

बी.के. दादाभाई, आशिमा मेहरोत्रा, मुकुल सरन माथुर, कृष्णथ एस. पाटिल और कुलदीप तिवारी के जादुई ब्रश अंतरिक्ष, समय और जीवन की लय की भीड़ में अस्तित्व के विविध रंगों को पकड़ते हैं।

## बरसात से पूर्व सभी अप्रारंभ निर्माण कार्य शुरू कराएं : सिद्धार्थ कोमल परदेशी



### प्रभारी सचिव ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

### मौसमी बीमारियों पर नियन्त्रण हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शिक्षा विभाग के सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में संचालित सभी कार्यालयों का सामान्य रुप से संचालन तथा सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए लोगों के सुविधाओ का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और बरसात से पहले सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यों को शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने लोक निर्माण तथा आरईएस के अधिकारियों से कहा कि अब तक जो भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसे बारिश से पहले शुरू कर दें ताकि बरसात में भी काम प्रभावित न हो। उन्होंने बरसात के समय होने वाली मौसमी बीमारियों पर नियन्त्रण हेतु आवश्यक तैयारी एव दवाई इत्यादि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इसके साथ ही आयुष्मान योजना के तहत दावों के निराकरण

एव भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने सभी एस डीएम को भी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। अगले 18जून को होने वाले शाला प्रवेश उत्सव की जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारी करने, मध्यान्ह भोजन का सुचारु संचालन तथा पाठ्य पुस्तक वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शाला विकास समिति का भी गठन करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से जिले में कुपोषण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कुपोषण में कमी लाने हेतु शासन की योजनाओं के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पोषण पुनर्वास केंद्र की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत गांवों में चल रहे कार्यों की जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से लेकर अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मल्टी विलेज स्कीम अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में नल जल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ सीजन में खाद एवं बीज का भण्डारण तथा वितरण की जानकारी लेते हुए खाद - बीज का तेजी से उठाव कराने के निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के समुचित विश्लेषण पर वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 12.06.2024 को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के समुचित विश्लेषण तथा आवश्यक सुधार कार्यो हेतु इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेंट डाटाबेस (iRAD) में सड़क दुर्घटनाओं की शत प्रतिशत प्रविष्टियां अंकित करने तथा हिट एण्ड रन के क्षतिपूर्ति प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में दावा प्राधिकरण को प्रेषित कर प्रभावितों को यथाशीघ्र राहत हेतु पहल करने तथा राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपायों के संबंध में श्रीमती नेहा चंपावत भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) की अध्यक्षता में वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ए.आई.जी. टैफिक संजय शर्मा सहित प्रदेश में यातायात के समस्त अति. पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यातायात गण/पर्यवेक्षण अधिकारी सम्मिलित हुए।

बैठक में अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण/प्रभावी प्रवर्तन हेतु 15 जिलों को सड़क सुरक्षा उपकरणों यथा स्पीड राडार गन, एल्कोमीटर, सांउड मीटर, लक्स मीटर, डेशबोर्ड, सर्विलेंस कैमरा सहित सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहन सहित अन्य सड़क सुरक्षा उपकरण यथाशीघ्र आबंटित किये जा रहे है इन उपकरणों के सुगम संचालन हेतु तकनीकी ज्ञान के कर्मचारी नामितकर प्रशिक्षण हेतु भेजे जावे। अतंर्विभागीय लीड एजेंसी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रकाशित पॉकेट फोल्डर्स, आबंटित सड़क सुरक्षा उपकरणों/संसाधनों का शीघ्र संग्रहण कर प्रवर्तन को प्रभावी बनाया जावे। भारत सरकार के 03 नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, के प्रावधानों के संबंध में यथाशीघ्र प्रशिक्षण के साथ-साथ नवीन नियमों के अनुसार पुलिस विभाग के विवेचक अधिकारियों को सड़क दुर्घटना स्थल में जाकर ऑनलाईन (लाईव लोकेशन, अक्षांश व देशांश सहित) प्रविष्टियां अंकन सुनिश्चित किया जाना है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) संजय शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में वर्ष 2023 में एवं 2024 (जनवरी से मई तक) घटित सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर जिला दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जशपुर, सरगुजा, धमतरी, कोण्डागांव, रायगढ़, बेमेतरा, में पुलिस विभाग द्वारा इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेंट डाटाबेस (iRAD) में शत प्रतिशत प्रविष्टि सहित 2400 से अधिक प्रविष्टियां की गई है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10785/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 11-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10785**
**वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220C00090** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAM KRISHNA OJHA S/O SURYA NARAYAN OJHA, PRAKASH CHAND KUNDALIA S/O SAGAR MAL JI KUNDALIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM KRISHNA OJHA S/O SURYA NARAYAN OJHA, PRAKASH CHAND KUNDALIA S/O SAGAR MAJ JI KUNDALIA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नयन ज्योति द्वारा प्रोपराईटर डॉ. प्रदीप जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **के.सी. जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12034/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12034**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00105** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PAWAN KUMAR MALANG** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. JAGANMAL MALANG** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. अशोक कुमार चौथवानी 2. मनीष कुमार चौथवानी 3. दिनेश चौथवानी 4. भाविका चौथवानी 5. पृषा चौथवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. झामन दास चौथवानी 2. एवं 3. पिता- अशोक कुमार चौथवानी 4. मनीष कुमार चौथवानी 5. दिनेश चौथवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12032/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12032**
**वार्ड का नाम- 35 - पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A00165** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH PRAKASH RAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREM PRAKASH RAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. युसुफ अब्दुल गफ्फार खत्री 2. मोहम्मद रियाज खत्री 3. मोहम्मद इम्तियाज खत्री** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. अब्दुल गफ्फार खत्री 2. एवं 3. दोनों पिता- युसुफ अब्दुल गफ्फार खत्री** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./11562/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11562**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00067** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEEPA KOHLI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJEEV KOHLI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री शशांक गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता श्री शरद गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12112/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12112**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652B00477** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JANAK LATA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHILWAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HIMAYAT ALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O FAIYYAZ ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11732/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11732**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E01401** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DALCHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DOGRAMAL JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. पदमा दम्मानी 2. सुमित दम्मानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. सुमित दम्मानी 2. राधेश्याम दम्मानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11729/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11729**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757C00080** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAZI ABDUL GHAFUR KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAZI ABDUL AZIZ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **काजी मोहम्मद अब्दुल गनी खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. काजी एम.ए. गफूर खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमती पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11972/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11972**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739F00014** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SURESH CHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TIKAM CHAND** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **हेमलता बुरड** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सुरेश चंद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसी, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12031/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12031**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757C00096** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH CHAND** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रद्धा जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **कमलेश जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11953/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11953**
**वार्ड का नाम- 35 - पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224D00215** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SARDAR KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHAND KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **दिलशाद बानो** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सरदार खां** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11950/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11950**
**वार्ड का नाम- 64 - विपिन बिहारी सूर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656B0131C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GANESHI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. TULARAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **कानू राजबंशी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्याम लाल राजबंशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12089/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12089**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652D00107** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DOLLY CHOURASIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHORE CHOURASIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARTI DEVI CHAURASIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LALIT KUMAR CHAURASIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12110/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 12-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12110**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01199** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PARASRAM YADU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEEPIKA DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MAHAVEER PRASAD DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरुवार 13 जून 2024



## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुने गए राजकुमार मित्तल






■ **08 एवं 09 जून को कोलकाता में संपन्न हुआ अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का अग्र अलंकरण समारोह**

**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 8 जून 2024 को कोलकाता के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में संपन्न हुआ, इस दौरान जहां पूरे विश्व की अग्रवाल समाज की 32 अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया, तो वहीं श्रेष्ठ कार्यो के लिए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के भी पदाधिकारी का सम्मान किया गया, तथा इस कार्यक्रम में विश्व के विभिन्न देशों से तथा भारत के विभिन्न राज्यों से अग्रवाल बंधुओ ने सहभागिता की, साथ ही पदाधिकारीयो के अलावा सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से भी नवाजा गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की कोलकाता वृहत्तर इकाई जोर-शोर से जुटी रही तो वहीं 9 जून को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष की प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष प्रतिवेदन, महामंत्री प्रतिवेदन के साथ ही नए सत्र के लिए राजकुमार मित्तल आसनसोल पश्चिम बंगाल को अध्यक्ष चुना गया, राजकुमार मित्तल के अध्यक्ष चुने जाने पर जहां बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी- सदस्यों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी तो वहीं इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक राज्यों में स्थानीय स्तर पर संगठन बनाने प्रयास किए जाएंगे, साथ ही इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पधारे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी विश्वामित्र आनंद का भी स्वागत सम्मान किया गया तथा बैठक में सर्वसम्मति से नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुने जाने पर सदस्यों में भी उत्साह देखा गया तो वहीं इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने भी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संगठन को लेकर अपने सुझाव दिए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की भी बात कही एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए जहां कोलकाता वृहत्तर इकाई एवं केंद्रीय टीम सहित सभी प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया गया तो वहीं 9 जून को दोपहर केंद्रीय टीम के द्वारा सभी आगंतुक पदाधिकारीयो को ससम्मान बधाई दी गई।

## भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाले 03 आरोपीयो को किया गिरफ्तार

**जांजगीर चाम्पा ।** हमर पुलिस हमर संग अभियान के तहत जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही। अभियान के तहत् थाना चाम्पा क्षेत्र में टी 20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाला 03 आरोपीयो को किया गिरफ्तार थाना चाम्पा /सायबर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही। विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन जिले में हमर पुलिस हमर संग के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान जिले में सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सट्टा खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवं थाना चाम्पा पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर यदुमणि सिदार SDOP चांपा के कुशल मार्ग दर्शन में रेड कार्यवाही किया गया। जिसमे




मुकबीर सूचना पर आरोपीगण (01) साहिल देवांगन पिता जगदीश प्रसाद देवांगन उम्र 26 वर्ष पता देवांगन मोहल्ला चांपा (02) निवास देवांगन पिता शिव प्रकाश देवांगन उम्र 21 वर्ष पता रानीरोड धनजी गली चांपा (03) बिटटू उर्फ दिव्यम थवाईत पिता दिलीप थवाईत उम्र 20 वर्ष पता परसुराम चौक के द्वारा भाले राय मैदान में बैठकर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टी-20 विश्वकप भारत -पाकिस्तान मैच का सट्टा खिला रहा है। की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़े जिसके कब्जे से नगदी रकम 1350 / रूपया एवं 03 नग मोबाईल किमती 1,50,000/ रूपया बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध थाना चाम्पा में अपराध कमांक 250/2024 धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 10.06.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में DSP अनिल कुर्रे, संगम राम, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सायबर सेल से प्रधान आर मनोज तिग्गा, आर. गिरीश कश्यप, रोहित कहरा आरक्षक आनंद किशोर सिंह, थाना चाम्पा से उप निरीक्षक कमल दास बनर्जी, सउनि मुकेश पांडेय का योगदान सराहनीय रहा।

## लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** जिले के इच्छुक योग्यताधारी युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आजीविका विकास मिशन (एलडीपी) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिले के इच्छुक योग्यताधारी युवक-युवती रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न कोर्सो में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित अपना आवेदन कार्यालय कलेक्टर ''जिला कौशल विकास प्राधिकरण, गरियाबंद'' के कक्ष कमांक-40, संयुक्त जिला कार्यालय, गरियाबंद एवं लाईवलीहुड कॉलेज (पॉलिटेक्निक कॉलेज), दर्रा पारा गरियाबंद में कार्यालयीन समय सुबह 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते हैं।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कौशल प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स ब्यूटी थेरेपिस्ट, डिजिटल कैटलॉगर, घरेलू डेटा एंट्री ऑपरेटर, मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण), ड्राइविंग सहायक, फील्ड तकनीशियन कंप्यूटिंग और पेरिफेरल्स, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मेसन टाइलिंग, मल्टी-कुजीन कुक, मशरूम उत्पादक, रिटेल सेल्स एसोसिएट, स्व-रोज़गार दर्जी, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पंप तकनीशियन और टैक्सी ड्राइवर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इन स्टोर डिमॉन्स्ट्रेटर, घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट और रैटेल सेल्स एसोसिएट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आजीविका विकास मिशन अंतर्गत क्रमशः कोर्स बांस आधारित टोकरी बनाना, फस्ट फूड खाना बनाना और केक बनाना सिखाया जायेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स दर्जी, पारंपरिक टोकरी निर्माता और सहायक नाई-सैलून सेवाएँ आदि कोर्सो में जिले में पंजीकृत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जायेगा।

## स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का हो रहा विशेष आयोजन

### जिले में भू-जल संरक्षण के लिए 1458 सोकपिट का हुआ निर्माण

**गरियाबंद।** भारत सरकार द्वारा गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 05 जून से 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 10 जून 2024 को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर स्वच्छ हरित ग्राम का आयोजन किया गया। इसके तहत ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि भू-जल को रिचार्ज करने व जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना मदद करता है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नलकूप/हैण्डपम्प के पास सोकपिट का निर्माण करने के संबंध में जानकारी दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद मती रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के सभी 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान के तहत कुल 1458 सोकपिट का निर्माण किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में सोकपिट का निर्माण एवं नाडेप टैंक का निर्माण किया गया है। इसके लिए विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर हेतु नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। स्वच्छ हरित ग्राम कायक्रम में जैविक खाद के बारे में भी जानकारी दिया गया। जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैंविक खाद बनाने में सहायक वर्मी





कम्पोस्ट/ नाडेप पीट एक बेहतर उपाय है। जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों/ग्राम पंचायतों में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप पिट निर्माण करने के निर्देश दिया गया, जिसके तहत मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त अभिसरण से जिला में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप टैंक का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मती रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के समस्त 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर कुल 650 वर्मी/नाडेप टैंक का निर्माण किया गया। ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थो का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे के रिसायलिंग के लिये प्रोत्साहित किये जाने हेतु 10 जून 2024 से विशेष अभियान के रूप में ग्राम/गांवों में दिवाल लेखन, रैली आयोजन, मानव श्रृंखला पर्यावरण सरंक्षण के उपाय के लिये शपथ, संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बड़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों जैसे जल निकायों के आस-पास सफाई कार्य, सार्वजनिक स्थलों का सफाई, रैली निकालकर स्वच्छता के संदेश, वृक्षारोपण का वृहद आयोजन 05 जून को भी समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा चुका है।

## महतारी वंदन योजना से बदल रही ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी

**गरियाबंद।** राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह मजबूत कदम छत्तीसगढ़ की आधी आबादी के सपनों को पूरा करने की दिशा में बड़ी छलांग है। इस योजना से प्रदेश के लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। इस योजना के तहत राज्य शासन द्वारा अब तक चार किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना से जुड़े ऐसी कई कहानियां है, जो समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम खुडियाडीह निवासी 'एस कुमारी जगत' महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग सुअर पालन के व्यवसाय में कर रही हैं। एस कुमारी जगत एक गृहणी है, जो मजदूरी करके अपना जीवनयापन करती है। इन्हांने महतारी वंदन योजना की राशि से सुअर पालन के व्यवसाय में



बढ़ोत्तरी कर रही है। एस कुमारी ने बताया कि ''यह योजना मेरे जैसे बहुत से महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत मुझे चार किश्तों के रूप चार हजार रूपये मिल चुके है। जिससे मैं सुअर पालन व्यवसाय में वृद्धि कर हूॅ। हालाकिं अभी इसे छोटे रूप में शुरू की हूँ लेकिन आने वाले समय में मैं इसका विस्तार करुँगी।

इस व्यवसाय में अच्छी आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा योजनाके तहत प्रति माह एक हजार रूपये की राशि प्राप्त होती है। जो कि आजीविका संवर्धन एवं घरेलू खर्चो में भी सहायक होती है। उन्होंने कहा कि गृहणी होने के साथ व्यवसाय भी कर रही हूँ और यह सब महतारी वंदन योजना के कारण संभव हुआ है।

## श्रमदान महाअभियान के तहत की गई बंधवा तालाब की सफाई

**भिलाई-3।** श्रमदान महाअभियान के तहत बंधवा तालाब भिलाई-3 की सफाई की गयी। नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्र. 8 महामाया पारा स्थित बंधवा तालाब की सफाई का कार्य निगम प्रशासन द्वारा किया गया। विशेष अभियान चलाकर इस पुराने तालाब को साफ किया गया है। इस कार्य में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा हिस्सा लिया। गौरतलब है कि निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के द्वारा एक दिवस पूर्व ही बंधवा तालाब के सफाई हेतु एक विशेष श्रमदान अभियान चलाने विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके फलस्वरूप बंधवा तालाब को साफ करने की शुरुवात की गयी। रापा, फावड़ा सहित अन्य उपकरणों की मदद से तालाब में एकत्र गंदगी एवं कचड़े इत्यादि को तालाब से निकालकर बाहर किया गया। इस कार्य में निगम कमिश्नर





डी.एस. राजपूत सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। साथ ही जनप्रतिनिधियों में निगम के नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर वार्ड 17 शांति नगर के पार्षद फिरोज फारूखी, वार्ड क्रं-16 बाजार चौक की पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, वार्ड कं-12 के पार्षद तुलसी राम ध्रुव, वार्ड कं-08 महामाया पारा के पार्षद गुलमोहर वर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप पटेल ने सफाई में श्रमदान का योगदान दिया। इस दौरान निगम के सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, उपअभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उपअभियंता किसलय साहू, उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता मुकेश चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, संपदा विभाग प्रभारी राजू वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक ग्रेड-3 अभिलाषा श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड-3, चंद्रकांती साहू, आयुक्त स्टेनो चेतन देवांगन, टाईम कीपर श्यामता साहू, समस्त सफाई मित्र एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानसून की शीध्रता को देखते हुए आयुक्त ध्रुव ने ली अधिकारियो की बैठक



**भिलाईनगर।** आगामी कुछ दिनो में मानसून के आगमन को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुन ने नगर निगम भिलाई एवं भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियो को दिये निर्देश जिसमे प्रमुख रूप से अपर आयुक्त, सर्व अधीक्षण अभियंता, सर्व जोन आयुक्त, बीएसपी से के के यादव, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, भवन अधिकारी, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी आदि को बारीश से पूर्व कार्य योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जितने भी पुराने होर्डिग लगे है उन सभी को चेक किया जावे, कोई कमजोर, सड़ा गला होर्डिग हो उसे हटाया जाये। नालियो एवं नाली के सफाई में शीध्रता लाया जाये। जलजनित बिमारी जैसे-डायरिया, मलेरिया, डेंगू इत्यादि से बचने के लिए घर-घर जाकर दवाई का वितरण करना, घरो को चेक करना, प्रत्येक जोन में विशेष दल गठित कर रखना जो आवश्यकता पड़ने पर मुस्तैद रहे। नगर निगम भिलाई में कंट्रोल रूम सुचारू रूप से संचालित हो, तीनो सिफ्ट में कर्मचारी बैठे लोगो की समस्याओ को नोट करके संबंधित अधिकारी कर्मचारी को बताये। स्वास्थ्य विभाग का दल नालियो में या अन्य किसी स्थल पर पाईप से पानी का लिकेज हो रहा हो तो उसे बताये, उसका संधारण कार्य निगम का जल विभाग त्वरित रूप से करे। सभी जोन से पानी का सेंपल लिये जाये, उनकी जॉच की जाये कि पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता है की नहीं। उसी के साथ बहुत से घरो में प्राइवेट एजेंसी से आर.ओ. का पानी लिया जाता है। उन्हे भी चेक करे वह भी मानक के अनुकुल है कि नहीं। इसके संबंध में आम नागरिको, जनप्रतिनिधियो, सामाजिक कार्यकर्ताओ, व्यापारियो से भी अपील की गई है कि सब लोग नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियो का सहयोग करे।

**चार चार चैंन माउंटेन मसीन लगाकर बरबसपुर रेत घाट से बडे पैमाने निकाली जा रही रेत जिम्मेदार महिने का पैकेज लेकर खुश**

## कलेक्टर साहब नदी मे चैन माउंटेन लगाकर ठेकेदार निकाल रहा रेत कागज मे मसीन लगाने की नही अनुमति



**जांजगीर चाम्पा ।** जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर रेत घाट मे ठेकेदार ने चार चार चैन माउंटेन लगाकर धड़ल्ले से रोजाना सैकड़ों हाइवा रेत निकालकर परिवहन कर रहा है जब की किसी भी रेत घाट मे किसी तरह की मसीन लगाकर रेत निकालने की अनुमति नही है पर बरबसपुर रेत घाट मे जिम्मेदार खनिज विभाग के अधिकारियों के संरक्षण मे ठेकेदार चार चार चैन माउंटेन लगाकर हसदेव नदी की अस्तित्व मिटाने में ठेकेदार कोई कसर नही छोड रहा है केव की ठेकेदार जिम्मेदार अधिकारीयों को हर महीने मैनेज करते आ रहा है इस वजह से जिम्मेदार अधिकारी भी ठेकेदार को पुरा संरक्षण दे रहे है और बरबसपुर हसदेव नदी मे चैन माउंटेन लगाकर रेत निकालने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसे खुली छूट दे रहे हैं। ग्राम पंचायत बरबसपुर के रेत घाट को बंद करने के लिए ग्रामीण भी जिम्मेदार अधिकारी को अवगत करा चुके है पर जिम्मेदार अधिकारी है की अपने अड़ियल रवैया पर बरकरार बने हुए हैं जिसे लेकर ग्रामीणों मे भी काफी आक्रोश पनप रहा है?

रास्ता बनाने के लिये ठेकेदार बोला था अगर मसीन से रेत निकाल रहा है तो गलत है इसकी जांच की जायेगी।

**हेमंत चेरपा**
**जिला खनिज अधिकारी जांजगीर चांपा**

### ठेकेदार को बरबसपुर रेत घाट से निकालने की अनुमति क्या मिली बना दिया घाट को खोदापुर

ग्राम पंचायत बरबसपुर रेत घाट मे खनिज नियम को ढेंगा दिखाते हुए ठेकेदार घाट से रेत निकाल रहा है यहां चार चार चैन माउंटेन लगाकर हसदेव को छल्ली करने मे ठेकेदार कोई कसर नही छोड रहा है ठेकेदार को तीन फिट तक रेत निकालने की अनुमति मिली है वह भी केवल फावड़ा से रेत निकालना है पर यहां तो ठेकेदार चार चार चैन माउंटेन मसीन लगाकर बीस बीस फिट तक गहरी खाई बना कर हसदेव नही से रेत निकाल रहा है और जिम्मेदार खनिज विभाग अपने एयर कंडीशनर कमरे में हसदेव को छल्ली छल्ली होते देख रहे है।

### शासन का खनिज नियम केवल कागज तक सीमित धरातल मे चौबीस घंटे छल्ली हो रही हसदेव

हसदेव नदी से चौबीस घंटे चार चार चैंनमाऊटेन मसीन लगाकर रेत निकाली जा रही है जब की शासन का सख्त आदेश है कि साम 6 बजे के बाद नदी से रेत का उत्खनन नही करना है पर यहां तो बरबसपुर रेत घाट से रात दिन रेत निकाली जा रही है और इस अवैध उत्खनन में खनिज विभाग ठेकेदार का पुरा सहयोग कर अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे है बताया जा रहा है की जिन व्यक्ति यों ने बरबसपुर रेत घाट को पेटी ठेका मे लिया है वह एक राजनैतिक पार्टी से जुड़े हुए हैं जिसके चलते खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उनके इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने के बजाए उनके इस अवैध काम मे पुरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## सक्ती थाने के नए दरोगा बृजेश तिवारी, जिले के 07 पुलिस थानों के प्रभारी बदले गए

**सक्ती।** जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा ने 10 जून 2024 को एक बड़ा फेरबदल करते हुए शक्ति जिले के सात थाना क्षेत्र के प्रभारीयो में फेरबदल कर दिया तथा शक्ति थाना के नए टीआई बृजेश तिवारी, होंगे वहीं वर्तमान टीआई विवेक शर्मा को आरक्षी केंद्र शक्ति में स्थानांतरित किया गया है, वहीं प्रवीण सिंह राजपूत निरीक्षक रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी बाराद्वार होंगे, राजेश पटेल निरीक्षक आरक्षि केंद्र से थाना प्रभारी मालखरौदा, राजेश चंद्रवंशी थाना प्रभारी मालखरौदा को थाना प्रभारी नगरदा, अमित सिंह थाना प्रभारी नगरदा को साइबर सेल प्रभारी रक्षित केंद्र, गगन वाजपेई थाना प्रभारी बाराद्वार को रक्षित केंद्र जीविशा मैं पदस्थ




किया गया है,ज्ञात हो कि चुनाव की आचार संहिता खत्म होते ही शक्ति जिले की पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं, तथा जिला पुलिस अधीक्षक का मानना है की शक्ति जिले में पुलिस के कार्यो में कसावट लाने के लिए ऐसे तबादले किए गए हैं, तथा शक्ति पुलिस थाने का नया पदभार संभालने वाले नगर निरीक्षक बृजेश तिवारी पूर्व में धमतरी कोतवाली प्रभारी रह चुके हैं।

# संपादकीय

## गरमी को रोकना आसान नहीं

जलवायु वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार मई में महसूस की गई लू अब तक की सबसे अधिक रही। क्लाइमामीटर के शोधकर्ताओं ने मई में देश में प्रचंड व लंबे समय तक चलने वाली लू प्राकृतिक रूप से होने वाली घटना अल-नीनो का परिणाम बताया। इस बदलाव से पता चलता है कि मौजूदा जलवायु में बीते सालों की तुलना में कम से कम 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान अधिक रहा जबकि वष्रा परिवर्तन में कोई महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं दिख रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार जीवाश्म ईंधन के उपयोग के कारण भारत में लू यानी ताप लहर तापमान की असहनीय सीमा तक पहुंच गई है। तापमान का 50 डिग्री के करीब पहुंचने का कोई तकनीकी समाधान नहीं है। अल-नीनो व मानवजनित जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव के तहत दुनिया इस तरह के गरम मौसम से जूझ रही है। गरमी और अधिक तेज होती जा रही है। मई में दिल्ली समेत उत्तर के कई इलाकों में तापमान 52 डिग्री तक पहुंच गया। उप्र, मप्र, बिहार, झारखंड व ओडिशा में स्थिति काबू से बाहर हो गई। भीषण गरमी के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई और हजारों हीट स्ट्रोक की चपेट में आ गए। बिजली की खपत इतनी बढ़ गई कि आपूर्ति संभव नहीं रही। जल भंडारण तेजी से कम होता जा रहा है जिससे जल संकट बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा। मौसम विज्ञानी इसे ला-नीनो इफेक्ट भी मान रहे हैं। उनका कहना है, जिस साल अल-नीनो खत्म होता है, उस साल तापमान थोड़ा बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन व प्राकृतिक परिवर्तनशीलता के दरम्यान जटिल परस्पर क्रिया के चलते भविष्य में लू के बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा। याद हो तो इसी अप्रैल में इतनी भीषण गरमी पड़ी कि कहा गया कि यह 120 साल बाद हुआ। भारत ही नहीं, दुनिया भर में इस जानलेवा गरमी की मार पड़ रही है जिसका असर कृषि व खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ सकता है। कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा तो होगा ही। सेहत संबंधी दिक्कतें भी बढ़ने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। भीषण गरमी को रोकने के लिए विभिन्न सुझाव दिए जाते हैं मगर प्रकृति के इस प्रकोप से बच पाना अब आसान नहीं रहा। वनों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग तथा कार्बन उत्सर्जन को थामने की बस बातें ही बनाई जा रही हैं। गरमी को रोकना अब आसान नहीं रहा।

# जनादेश का सम्मान करे सियासत...

प्रताप सिंह पटियाल

लोकतंत्र के पर्व में शिकस्त व जीत का सिलसिला जारी रहेगा, मगर अहम पहलू यह है कि लोकतंत्र में लोगों का भरोसा कायम रहना चाहिए। देश की सियासत को जनता का जनादेश पूरी अकीदत से स्वीकार करना होगा मौजूदा वक्त में मुल्क की सियासत जश्न-ए-मसर्रत में मसरूर है। देश की फ़िज़ाओं में भी सियासी तरन्नुम की धुन महसूस की जा सकती है। देश के करोड़ों मतदाताओं ने अपने बेशकीमती वोट की ताकत से मैदान-ए-सियासत में किस्मत आजमा रहे सियासी रहनुमाओं को जम्हूरियत की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचा कर लोकतंत्र की मजबूती का एक और सुनहरा मजमून लिख दिया। सियासत के कई मुनाजिर सियासी बज्म में चुनावी जीत का श्रेय लेने में लगे हैं, जबकि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि है। हैरत यह भी है कि मतदाताओं ने अलगाववाद की हिमायत करने वाले कुछ सियासी रहनुमाओं को भी देश की संसद में भेज दिया है। चुनावी रैलियों से लेकर जंनसम्पर्क व रोड शो तथा सोशल मीडिया तक चुनावों का प्रचार हुआ। सियासी दलों की प्रतिष्ठा का सवाल बन चुके चुनावों में सियासी विरासत को बचाने की जद्दोजहद भी जारी थी, मगर मतदाताओं के खामोश फैसले ने देश की सियासत को चौंका दिया है। एग्जिट पोल को लेकर सियासत के ज्योतिषाचार्यों के दावे धराशायी हो गए। हालांकि देश में एक बार फ़िर गठबंधन की सियासत का दौर शुरू हो गया है। कहर बरपाती गर्मी के बीच लोगों ने मतदान केंद्रों की कतारों में खड़े होकर मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र के प्रति अपना फ़र्ज अदा कर दिया। यह दीगर बात है कि अगले पांच वर्षों तक जनप्रतिनिधि सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन पूरी शिद्दत से करेंगे। चुनावों के बाद आम लोगों को अपने सियासी रहनुमां के दीदार दुर्लभ हो जाते हैं। देश का हर चुनाव अपने पीछे कई यादें छोड़ जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में लोगों में मतदान के प्रति उत्साह का माहौल कम था। कई राज्यों में मतदान का प्रतिशत कम रहा, मगर आरोप-प्रत्यारोप के भयानक दौर में शराफ़त व अदब की हदूद को तोडने वाली भाषा के चलते सियासत की दर्जा-ए-हरारत बुलंदी पर पहुंच चुकी थी। गुफ्तगू के दौरान लफ्जों का इस्तेमाल व बात करने का सलीका किसी भी इनसान की तरबियत व परवरिश का बेहतरीन सबूत होता है। जहरीले लफ्जों से उपजे गहरे जख्म दशकों तक नहीं भरते। इंतखाबी तश्हीर के दौरान सियासी रहनुमाओं की जुबान से निकले तीरनुमां लफ्जों ने मुल्क की सियासत को काफ़ी हद तक मफ्लूज कर दिया है। सियासत के किरदार का अनोखा अंदाज है कि मुल्क में सियासी रहनुमाओं को ही दानिश्वर माना जाता है। देश की अफ़सरशाही व नौकरशाही तथा तमाम व्यवस्थाएं सियासत के आगे नतमस्तक रहती हैं। आम लोग ज्यादातर समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों से ही अपेक्षा रखते हैं। भोली-भाली विरासत के लोग सियासतदानों के आश्वासनों पर अक्सर विश्वास कर लेते हैं, जबकि सियासत की कथनी और करनी में फ़र्क होता है। सियासत एक ऐसा पेशा है जिसमें अपने सियासी दुर्ग फ़तह करने के लिए सियासी रहनुमाओं के झूठ बोलने पर, मौके की नजाकत को भांपकर जाति-मजहब का कार्ड खेलना, वोट बैंक साधने के लिए जराफ़त भरे अंदाज में लोकलुभावन वादों की बिसात बिछाना तथा चुनावी प्रचार के दौरान की गई घोषणाओं से मुकरने पर कोई कानूनी पाबंदी नहीं है। इसीलिए सियासत के मिजाज से कभी सदाकत की महक नहीं आती। सियासी रहनुमाओं के किरदार में मोहिब्ब-ए-वतन का अक्स नहीं दिखाई देता। इंतखाबी तश्हीर में हिकारत भरे अल्फ़ाज व बड़बोली भाषणबाजी के आगे निर्वाचन आयोग भी बेबस हो चुका है। लेकिन सत्ता की दहलीज पर पहुंचने की होड़ में जनसैलाब को अमर्यादित भाषा से उकसाना तथा लोगों के जज्बात आहत करने की कारकर्दगी मतदाताओं के साथ पूरे जम्हूरी निजाम की तौहीन है। चुनाव आयोग को इस विषय पर संज्ञान लेना होगा। नवगठित मरकजी हुकूमत से देश के करोड़ों लोगों को उम्मीदें रहेंगी, मगर सबसे ज्यादा उम्मीद युवा वर्ग को है। कुछ दर्द इनसान का सुख-चैन छीन कर उसे खामोशी व तन्हाई के आलम में जीने को मजबूर कर देते हैं। बेरोजगारी के सैलाब में फंस चुके युवा वर्ग का हाल कुछ ऐसा ही है। लाइलाज हो चुकी बेरोजगारी के अजाब से युवा वर्ग मानसिक तौर पर मामूर हो चुका है। हर वर्ष हजारों युवा जमीन-जायदाद गिरवी रखकर रोजगार की तलाश में डंकी रूट के जरिए विदेश जाते हैं तथा वहां की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए जाते हैं। विदेशों में पढ़ाई करने वाले भारतीय मूल के छात्रों व रोजगार में लगे युवाओं पर नस्लीय हमले व हत्याएं आम बात हो चुकी है। देश में नशा माफ़िया के राडार पर भी बेरोजगार युवा हैं। नशाखोरी के मामलों में सलाखों के पीछे भी ज्यादातर युवा वर्ग है। चुनावों में विपक्षी दलों ने बेरोजगारी व महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जोरदार ताकीद पेश थी। चुनावी संग्राम में नारों व जुमलों का अहम प्रभाव रहता है। लेकिन सियासत चुनावी दौर में मुफ्तखोरी की खैरात व लोकलुभावन वादों से लोगों को लुभाने का प्रयास करती है। खोखले आश्वासनों से लोगों को खुश करने की कोशिश की जाती है, जबकि युवा वर्ग के मन को पढने की जरूरत है। आम लोगों की वास्तविक समस्याओं को महसूस करने की जरूरत है। विश्व में सबसे ज्यादा युवा आबादी की हैसियत रखने वाले भारत में बेरोजगारी की बढ़ती दर तथा मतदान का कम होता प्रतिशत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक मसला बन रहा है। मतदान को लेकर लोकतंत्र की बुनियाद मतदाताओं की बेजारी व मतदान के प्रति घटती दिलचस्पी तथा लाखों मतदाताओं द्वारा 'नोटा' के इस्तेमाल पर निष्पक्ष तौर पर रायशुमारी होनी चाहिए।



लोकतंत्र के पर्व में शिकस्त व जीत का सिलसिला जारी रहेगा, मगर अहम पहलू यह है कि लोकतंत्र में लोगों का भरोसा कायम रहना चाहिए। देश की सियासत को जनता का जनादेश पूरी अकीदत से स्वीकार करना होगा मौजूदा वक्त में मुल्क की सियासत जश्न-ए-मसर्रत में मसरूर है। देश की फ़िज़ाओं में भी सियासी तरन्नुम की धुन महसूस की जा सकती है। देश के करोड़ों मतदाताओं ने अपने बेशकीमती वोट की ताकत से मैदान-ए-सियासत में किस्मत आजमा रहे सियासी रहनुमाओं को जम्हूरियत की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचा कर लोकतंत्र की मजबूती का एक और सुनहरा मजमून लिख दिया। सियासत के कई मुनाजिर सियासी बज्म में चुनावी जीत का श्रेय लेने में लगे हैं जबकि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि है।

## विशेष लेख

# राजनीतिक नैरेटिव हावी

सुधीश पचौरी

यों 2024 के आम चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। बीजेपी की सरकार की जगह अब 'एनडीए' की सरकार बन रही है। फिर भी कई बार विपक्षी प्रवक्ता मीडिया व एंकरों पर अपना क्रोध न्यौछावर करते रहते हैं कि सत्ता पक्ष के प्रवक्ता को आपने ज्यादा टाइम दिया, हमें कम दिया कि हमारे साथ टोकाटाकी ज्यादा की..। एंकर कितना भी कहे कि आपको पूरा टाइम दिया गया फिर भी आप टॉपिक पर भी अपनी बात नहीं कह पाए तो भी विपक्ष के कई प्रवक्ताओं को चैन नहीं पड़ता। वे अपने हमले जारी रखते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि विपक्ष ने आक्रामकता को रणनीति की तरह अपनाया है ताकि मीडिया को रक्षात्मक बना कर अपने 'राजनीतिक नैरेटिव' को हावी कर सके। इसीलिए कई विपक्षी प्रवक्ता पहले क्षण से आक्रामक मुद्रा अपना कर चैनल व एंकर को कोसने लगते हैं कि आप सत्ता के दलाल हैं, आप बिके हुए हैं..। जवाब में कई एंकर कहते दिखे हैं कि हम सबको बराबर का वक्त देते हैं लेकिन आप टॉपिक पर नहीं रहते। इसलिए हमें टोकना पड़ता है..हमें कब क्या सवाल करना है, क्या नहीं, किस विषय पर बहस करानी है, किसका इंटरव्यू लेना है, किससे बात करनी है, किससे नहीं, ये हमारा चैनल ही तय करता है। आप नहीं कर सकते। एंकरों व पत्रकारों को टारगेट करना, सत्ता पक्ष का बताना और उनकी 'साख' पर हमला कर उनको विचलित करना विपक्ष की 'नई मीडिया रणनीति' का हिस्सा रहा है। कहने की जरूरत नहीं कि विपक्ष ने इस नीति में वह एक हद तक कामयाब भी रहा है क्योंकि वह मानता है कि जब तक हम मीडिया पर हमला कर दबाव नहीं बनाएंगे तब तक यह काबू में नहीं आएगा। इसलिए जब भी मौका मिले, हमला करो, उसकी 'साख' को 'टारगेट' करो ताकि वह विपक्ष के पक्ष में झुके और दर्शक भी विपक्ष के रुतबे को मानें। इसके लिए पहले अपने को मीडिया का 'विक्टिम' बना कर पेश करो लेकिन आकामक बने रहो और अपने 'सत्य' पर अड़े रहो। हमने कई प्रवक्ता देखे हैं जो मुद्दे पर रहने की जगह अपनी रटी हुई बात कहते रहते हैं और टोकने पर एंकर से लड़ने लगते हैं कि आप हमें टोक रहे हो। और ऐसा इसलिए करते हैं तािक वे मीडिया का भरपूर उपयेग कर सकें। अपना मुद्दा, अपना नैरेटिव सेट कर सकें क्योंकि आज की सारी राजनीति सत्य या तथ्य की जगह 'नैरेटिव' से संचालित है। 'नैरेटिव' को हिन्दी में 'कहानी', 'आख्यान' या 'वृत्तांत' का नाम दिया जाता है लेकिन 'नैरेटिव' सिर्फ सामान्य कहानी, आख्यान या वृत्तांत जैसा नहीं होता, बल्कि एक 'पॉवर' (सत्ता) का 'आख्यान' होता है। यहां हमें यह भी समझ लेना चाहिए कि 'सत्ता' सिर्फ किसी 'शासन','प्रशासन' या 'शासक' 'प्रशासक' की नहीं होती, वह 'प्रतिपक्ष' की भी होती है। इस संदर्भ में 'नैरेटिव' का अर्थ होता है- एक विशेष व सुगठित वैचारिक ढांचे में एक पक्के और गढ़े हुए तर्क संजाल को कहानी या आख्यान की तरह जोर-शोर से स्थापित करना जिसके अंतर्गत आती हर बात, हर तर्क, एक कल्पित सत्य का निर्माण करे जिसे बार-बार कहा जाए ताकि वही एक मात्र 'सच' लगने लगे! ऐसे नैरेटिव को बनाने वाले और कहने वाले का नजरिया एक खास वैकल्पिक सच का निर्माण करता है जिसमें किसी दूसरे नजरिए और किसी दूसरे तर्क की कोई गुंजाइश नहीं होती! आज के 'मीडिया' व 'सोशल मीडिया' में 'सच' को 'झूठ' और 'झूठ' को 'सच' बनाने के लिए ऐसे ही नैरेटिवों से काम लिया जाता है। इसे हम एक ताजा उदाहरण से समझने की कोशिश करें - एक रोज एक एअरपोर्ट पर एक महिला सांसद को एक महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ खाने वाली महिला सांसद ने जब पूछा कि क्यों मारा तो उसने कहा कि वह किसान आंदोलन को बदनाम करने वाले उसके एक मेसेज से नाराज थी..। ऐसे में कानून कहता है कि ड्यूटी करते वक्त किसी भी वर्दीधारी को अपनी खुन्नस निकालने का हक नहीं लेकिन यह घटना घटित होते ही सोशल मीडिया में 'दो नैरेटिवों' में बंट गई। एक नैरेटिव थप्पड़ खाने वाली के प्रति 'हमदर्दी' में चला तो दूसरा थप्पड़ मारने वाली के पक्ष में भी चला कि थप्पड़ मारने वाली का गुस्सा जायज है। एक चैनल पर एक प्रवक्ता ने तो इसे 'डाइसेंट' यानी 'असहमति' कह कर थप्पड़ को भी महिमा मंडित कर दिया। एक नैरेटिव ने इस हिंसा को एक 'अवाछित हिंसा' की तरह बताया जबकि दूसरे ने सिर्फ 'असहमति' कहा। इसलिए आज के मीडिया की समीक्षा करनी हो तो उसके बनाए और स्थापित किए जाते नैरेटिवों पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# निजी बदलावों से ही बदलेगा समाज

भारत डोगरा

जो हमारी कुंठाएं हैं, दूसरों के प्रति संकीर्ण सोच है, उससे मुक्त होने का प्रयास कर, अपने आसपास एक खुला, मुक्त माहौल बनाना चाहिए। दूसरों का दु:ख-दर्द कम करने, उन पर हावी न होने, सह अस्तित्व और सहयोग के सिद्धांत केवल नजदीकी लोगों से हमारे संबंधों पर लागू नहीं होते, यह प्रकृति से, प्रकृति के विभिन्न रूपों से, विभिन्न जीव-जंतुओं से भी हमारे संबंधों पर लागू होते हैं। प्रकृति की हरियाली को बढ़ाएं, मूक प्राणियों के दु:ख-दर्द को कम करें, यह भी जीवन का एक बहुत सार्थक पक्ष है। आदर्श जीवन कुछ बहुत ख्याति प्राप्त या ऊंचे पदों पर पहुंचे लोगों की बपौती नहीं है। एक व्यक्ति, एक परिवार का सार्थक बदलाव भी दुनिया को बेहतर बनाने के प्रयासों में उसकी महत्वपूर्ण देन है। निराशा के कारण हैं तो आशा की संभावनाएं भी हैं। निराशा के बादलों से निकल कर आशा के प्रकाश को फैलाना होगा और छोटे से छोटे, कमजोर से कमजोर व्यक्ति की इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। फ़िलहाल इतना हमारे नियंत्रण में जरूर है कि बिना कोई देर किए हम आदर्श जीवन जीएं सब जानते हैं कि समाज को बदलने की शुरुआत निजी जीवन के बदलावों से होती है, लेकिन आम तौर पर इस जानी-पहचानी अवधारणा को हम अनदेखा करते रहते हैं। जाहिर है, इसे बार-बार याद दिलाते रहने की जरूरत है। इस बार इस लेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। समाज-सुधार की चर्चा तो कई स्तरों पर होती है, पर व्यक्तिगत जीवन में सुधार की चर्चा कम हो गई है। अब चर्चा व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की अधिक है। व्यक्तिगत सुधार या व्यक्ति के आदर्शों की नहीं, पर समाज तो बहुत से व्यक्तियों से मिलकर ही बनता है और व्यक्तिगत जीवन में सुधार व आदर्श के महत्त्व के बिना समाज सुधार भी आगे बढ़ सकेगा, इसकी संभावना कम है। सवाल यह है कि आदर्श समाज की सोच के अनुरूप व्यक्तिगत जीवन जीना है तो उसकी अनिवार्य शर्तें क्या हैं। संभवत: सबसे बुनियादी बात यह है कि हमारा जीवन सादगी और समता पर आधारित होना चाहिए। आधुनिक जीवन में यह धारणा बहुत मान्यता प्राप्त कर चुकी है कि जितनी अधिक उपभोक्ता वस्तुएं प्राप्त कर सको, जीवन उतना ही बेहतर होगा, जितना वैभवकारी घर बना सको, उतना ही जीवन सार्थक होगा। दूसरी ओर सादगी की अवधारणा बताती है कि हम अपने व अपने परिवार के सदस्यों को कोई शारीरिक कष्ट दिए बिना अपनी जरूरतों को जितना कम रख सकें, जीवन की सार्थकता उतनी ही बढ़ती है। चूंकि एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति, एक परिवार और दूसरे परिवार की परिस्थितियों में बहुत अंतर हो सकता है, अत: सादगी का आदर्श सामने रखने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की कोई सूची नहीं बनाई जा सकती। बुनियादी बात हमारे सोच की है, जीवन मूल्यों की है। एक बार हमने इस सोच को ऐसा बना लिया कि सार्थकता उपभोक्ता वस्तुओं को बढ़ाने में नहीं, यथासंभव कम करने में है, तो हम सादगी के रास्ते पर आ चुके हैं। व्यक्तिगत जीवन में समता का अर्थ यह है कि जितनी भी संपत्ति या आय हमारे पास हो, अपनी जरूरतों और जरूरी बचत को पूरा करने के बाद वह गरीबी कम करने के लिए या किसी इतने ही जरूरी सार्वजनिक हित के कार्य में खर्च होनी चाहिए। समता का एक अर्थ यह भी है कि अपने से कमजोर आर्थिक हैसियत वाले जितने भी लोग हमारे दैनिक जीवन में सम्पर्क में आएं, उनसे हम न्यायसंगत व्यवहार करें। चाहे वे हमारे नियमित कर्मचारी हों या घरेलू कार्य में सहयोग करने वाले, रिक्शा चालक या कुली, उनके प्रति हमारा व्यवहार यही होना चाहिए कि उनसे जितना सहयोग हम अपनी सीमाओं के बीच कर सकते हैं, उतना अवश्य करें। ईमानदारी एक अन्य बहुत महत्वपूर्ण गुण है जिसकी चर्चा प्राय: होती है, पर ईमानदारी अपने आप में पर्याप्त नहीं है। ईमानदारी के साथ समता और सादगी के आदर्शों को भी जीवन में अपनाना जरूरी है। समता और सादगी के आदर्श आपस में बहुत नजदीकी तौर पर जुड़े हुए हैं। इन दोनों आदर्शों को अपनाने से जीवन में बहुत-सी विकृतियां अपने आप ही दूर हो जाती हैं, कई बेकार की बातों से समय बच जाता है और तरह-तरह के रचनात्मक और सार्थक कार्यों के लिए समय उपलब्ध होने लगता है। जो उपभोक्ता वस्तुएं समाज और पर्यावरण के स्तर पर हानिकारक सिद्ध हो चुकी हैं, उनसे दूर रहना आवश्यक है। तंबाकू, शराब, अन्य तरह के नशीले पदार्थ, दुर्व्यसन व ऐय्याशी की सामग्री का किसी भी आदर्श जीवन में स्थान नहीं होना चाहिए और कम से कम अपनी कमजोरी को छोडने की इच्छा जरूर होनी चाहिए। यह भी उतना ही स्पष्ट है कि आदर्श व्यक्तिगत जीवन में किसी भी धर्म, जाति, समुदाय, लिंग के प्रति भेदभाव या नफ़रत की जगह नहीं हो सकती। व्यक्तिगत जीवन इन सभी तरह के भेदभावों और उनसे उत्पन्न कुंठाओं और विकृतियों से मुक्त होना चाहिए। आदर्श जीवन के लिए किन गुणों की आवश्यकता है, इसकी तो बहुत लंबी सूची तैयार की जा सकती है, पर यदि हम एक मूल बात को पकडना चाहते हैं तो वह यह है कि हम दूसरों को दु:ख-दर्द न दें, अपितु जहां तक संभव हो, जितना अवसर हमें मिल सके, हम दूसरों का दु:ख-दर्द कम करने का ही प्रयास करें। ईमानदारी से अपनी आजीविका तो हमें कमानी ही है, अपनी व अपने परिवार की बुनियादी जरूरतें भी पूरी करनी हैं, यह जिम्मेदारी निभाते हुए जितना हमसे बन सके, हम दूसरों का दु:ख-दर्द कम कर सकते हैं, तो वह प्रयास हम जरूर करें, उससे पीछे न हटें।

# कंधे से कंधा मिलाकर चलने प्रतिबद्धता


आचार्य पवन त्रिपाठी

लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार की जीत का केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय महत्त्व भी है। अनेक कारणों से इस बात को कहा जा सकता है। सबसे पहले तो देखें कि कई दशकों की जोड़-तोड़ की राजनीति एवं राजनैतिक अस्थिरता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विराम लगा दिया है। आज पूरी दुनिया के शीर्ष नेता एवं नेतृत्व भारत को अत्यंत ही सकारात्मक एवं भरोसेमंद विदेश नीति वाले देश के रूप में देखते हैं। कहना न होगा कि पूरी दुनिया में नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक नई पहचान दी है। रविवार को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले चुके नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को मिला नया जनादेश भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी भूमिका के लिए नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा। ऐतिहासिक रूप से एनडीए की परंपरा अटलबिहारी वाजपेयी के समय से सहभागिता, सहयोग एवं सर्वसम्मति के साथ सबका साथ- सबका विकास की ही रही है। आने वाले पांच साल में भी भाजपा सहित राजग के सभी सहयोगी घटक राष्ट्र निर्माण में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक झलक बीते शुक्रवार को पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई राजग की बैठक में भी देखने को मिल चुकी है। वहां राजग के सभी प्रमुख सहयोगियों ने न सिर्फ मोदी सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर संतोष जताया, बल्कि अगले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के कंधे से कंधा मिलाकर चलने की प्रतिबद्धता भी जताई है। दरअसल, देश में गठबंधन सरकार चलाने के मामले में वाजपेयी सरकार को आदर्श उदाहरण के रूप में गिनाया जाता है। अपने घटक दलों और सहयोगी दलों के साथ सहज भाव से रहते हुए आम जनता के जीवन को सहज बनाने और सुविधापूर्ण बनाने में वाजपेयी सरकार के कामकाज को आज भी याद किया जाता है। वास्तव में 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा गठबंधन 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत पर आगे बढ़ना चाहता है। निश्चित रूप से इस दृष्टि से बड़े और कड़े फैसले भी लिए जाएंगे। न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी, बल्कि बिहार के नीतीश कुमार एवं आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू जैसे नेता अपने-अपने राज्यों में अपने पिछले कार्यकालों में सुशासन के लिए ही जाने जाते रहे हैं। इसलिए उनके अनुभव का लाभ भी प्रधानमंत्री को मिलेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। इन दोनों नेताओं को उनके अपने-अपने राज्यों में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है। चुनावी परिणाम और जनादेश ने भारतीय लोकतंत्र की ताकत, निष्पक्षता और पारदर्शिता को भी साबित कर दिया है। ईवीएम का राग अलापने वाले आधारविहीन विपक्ष के मुंह पर यह बड़ा तमाचा है। आज भी 'ब्रांड मोदी' का जलवा बरकरार है। देश के जनमानस में बीजेपी, नरेन्द्र मोदी और एनडीए के प्रति विश्वास को 2024 के जनादेश ने पुन: स्थापित किया है। यह जीत करोड़ों कार्यकर्ताओं, वोटरों एवं कुशल नेतृत्व की जीत है। यह भारतीय प्रजातंत्र की जीत है जिसमें सर्वे भवन्तु सुखिन:..का भारतीय दर्शन भी निहित है। हर एक प्रजातंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक पड़ाव आता है, जो राष्ट्र की नीति और नियति तय करता है। लोक सभा 2024 के चुनाव परिणाम में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की विजय ऐसा ही ऐतिहासिक पल है। निश्चित रूप से इस चुनावी विजय ने अनेकानेक सकारात्मक संदेश दिए हैं। इतिहास के पन्नों को पलटें तो पाएंगे कि 1962 के बाद पहली बार किसी नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने का अवसर मिला है। इसके साथ-साथ यह तो और भी ऐतिहासिक है कि प्रधानमंत्री पद से पहले नरेन्द्र मोदी चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर गुजरात का शासन सफलतापूर्वक चला चुके हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के पुरुषार्थ, तप एवं विकासोन्मुखी राजनीति का परिणाम है कि अनेक झूठे प्रचारों के बावजूद पार्टी विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया आइएनडीआइए गठबंधन अकेले भारतीय जनता पार्टी की सीटों से भी आगे नहीं जा सका। साठ वर्षों से अधिक समय तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस तो 100 सीटों के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई। स्पष्ट है कि जनता ने विपक्षी गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। इस चुनाव ने पुन: स्पष्ट कर दिया है कि आने वाला समय विकास एवं कल्याण की राजनीति का है न कि धर्म, जाति, पंथ और सांप्रदायिकता का। एक और विशेष बात जो प्रधानमंत्री मोदी को विशिष्ट बनाती है, वह है कि इनकी 'राष्ट्र प्रथम' की सोच और अंतिम छोर पर खड़े देश के हर नागरिक के प्रति संवदेनशीलता। एक ओर जहां विपक्ष ने धर्म और जाति के आधार पर ध्रुवीकरण का प्रयास किया, वहीं इसके बिल्कुल विपरीत प्रधानमंत्री मोदी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े नागरिक तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत रहे। अब भाजपा एवं एनडीए देश के हर कोने में मजबूती के साथ विस्तार कर रहा है। ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु एवं केरल में पार्टी का वोट प्रतिशत भी तेजी से बढ़ा है। आर्थिक मोच्रे पर मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले दो कार्यकाल खासे उत्साहवर्धक रहे। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक पटल पर ऊंची छलांग लगाते हुए अनेक विकसित देशों को चौंका दिया। पिछले 10 वर्षों में जिस संकल्प एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दुनिया की पहली पांच अर्थव्यवस्थाओं में लाकर खड़ा कर दिया है, वह अपने आप में एक अद्भुत मिसाल है। आर्थिक मोर्चे पर देश को आगे ले जाने की इसी इच्छाशक्ति के साथ शुक्रवार को केंद्रीय कक्ष की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी राज्यों को संदेश दे दिया है कि वे बड़े विदेशी निवेश के लिए अपने यहां सरल एवं सीधी नीतियां बनाएं ताकि विदेशी कंपनियां देश के हर राज्य में अपने लिए अनुकूल वातावरण महसूस करें, और हर राज्य में निवेश के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।



## संक्षिप्त समाचार

### पॉवर कंपनी के एजीएम श्री मिश्रा की तस्वीर का इस्तेमाल कर भ्रमित करने की कोशिश




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्रा की सोशलमीडिया फोटो का इस्तेमाल कर उनके मित्रों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोशल मीडिया में श्री मिश्रा की प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर धोखाधड़ी की आशंका है। श्री मिश्रा ने इससे सावधान रहने और भ्रमित नहीं होने की अपील की है। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे किसी तरह के मैसेज प्राप्त हो तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें। ऐसे फर्जी व्यक्तियों से सावधान रहे धोखाधड़ी हो सकती है। इस संबंध में साइबर पुलिस को भी समुचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

### जयंत कुमार खमारी (आईआरएसई), मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसईसीएल के आकस्मिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजली



**रायगढ़ ( विश्व परिवार )।** 24 मई 2023 से एसईसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे श्री जयंत कुमार खमारी, इन्डियन रेलवे सर्विस ऑफ़ इंजीनियर्स (आईआरएसई), उम्र 50 वर्ष का दु:खद निधन हो गया। ज्ञात हो कि वे शासकीय कार्य से महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड गए हुए थे तथा दिनांक 05 जून 2024 को संबलपुर से वापसी के दौरान रायगढ़ के पास उनका शासकीय वाहन इनोवा ट्रेलर के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ छत्तीसगढ़ उपरांत दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल ईलाज हेतु ले जाया गया जहाँ दिनांक 12 जून 2024 को उनका दु:खद निधन हो गया। श्री खमारी के निधन से पूरा एसईसीएल परिवार स्तब्ध है एवं पूरा एसईसीएल परिवार दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने हेतु शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है।

### उपद्रव के बाद बलौदाबाजार के कलेक्टर-एसपी हटाए गए

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बलौदाबाजार उपद्रव के बाद राज्य सरकार ने वहां के कलेक्टर कुमार लाल चौहान और एसपी सदानंद कुमार को हटा दिया है। आईएएस दीपक सोनी बलौदाबाज़ार के नए कलेक्टर और आईपीएस विजय अग्रवाल नए एसपी बनाए गए हैं। देर रात सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, कुमार लाल चौहान को अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक विशेष सचिव, मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस दीपक सोनी रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, मनरेगा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, बलौदाबाजार ज़िले के एसपी सदानंद कुमार को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। अंबिकापुर एसपी आईपीएस विजय अग्रवाल को बलौदाबाजार जिले की कमान सौंपी गई है। योगेश पटेल को अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

### छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग ने लॉंच किया 'ई-संवीक्षा' पोर्टल, आनलाईन की जाएगी रिपोर्टिंग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए ई-संवीक्षा पोर्टल लॉंच किया गया है। यह पोर्टल रजत बंसल, आयुक्त, राज्य कर, छत्तीसगढ़ की पहल पर राज्य कर मुख्यालय, नवा रायपुर के डायरी कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष द्वारा तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत मैदानी कार्यालयों के समुचित अधिकारियों द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 61 एवं धारा 73 और/ अथवा धारा 74 के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग आनलाईन की जानी है। प्रारंभिक चरण में ई-संवीक्षा के अंतर्गत स्क्रूटनी माड्यूल बनकर तैयार है एवं लाईव किया जा चुका है तथा एड्जुडिकेशन माड्यूल तैयार किया जा रहा है। इससे न केवल विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाईन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आँकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के व्यापारियों को होने वाली व्यवहारिक परेशानियों का निराकरण करने मे भी ई-संवीक्षा माड्यूल कारगर साबित होगा।

## श्री दिगंबर जैन मालवीय रोड बड़ा मंदिर की में बह रही है धर्म की गंगा शिविर के चौथे दिन बच्चों ने लिया धर्म लाभ





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर ट्रस्ट से नरेंद्र जैन मेनेजिग ट्रस्टी, अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजित जैन, कोषाधक्ष्य दिलीप जैन ने बताया चतुर्थ दिन में आचार्य श्री का चित्र अनावरण व दीप प्रवज्लन ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारीयो ने किया, भगवान को पाडुक शीला में विराजित कर अभिषेक श्री नवलचंदजी महावीर, प्रियंका जैन स्वर्गीय लक्ष्मी देवी स्मृति शेष एवं पवन कुमार, समित, मीनू जैन परिवार किं तरफ से शांति धारा किया गया। तत्पश्चात धार्मिक कक्षाएं सागनेर राजस्थान से प्रशिक्षक विद्वान प.श्री पीयूषजी जैन भारिल्ल, प.श्री सौरभ जी जैन, प .श्री प्रियांशु जी जैन के द्वारा ली गई, सायकालीन आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में आज आचार्य खोजो नम्बर पाओ खजाना श्री दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, श्री दिगंबर जैन महिला मंडल, श्री जैन युवा महासभा रायपुर के द्वारा विद्यासागर हॉल में किया जाएगा।

## शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष पद पर पुन: डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत निर्विरोध चुने गए, लगातार पांचवी बार बने अध्यक्ष




**केशोरायपाटन ( विश्व परिवार )।** अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन जिला बूंदी राजस्थान में गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माता जी के ससंघ के सान्निध्य में आयोजित अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्रि- परिषद के अधिवेशन में अध्यक्ष पद पर ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता, अध्यात्म, न्याय एवं दर्शन के मूर्धन्य विद्वान,

शास्त्री परिषद के उन्नयन में तन-मन-धन से अहर्निश निमग्न डॉ. श्रेयास कुमार जैन जी बड़ौत निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने गए हैं। 8 जून को रात्रि में आयोजित परिषद की कार्यकारणी में सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद 9 जून को आयोजित खुले अधिवेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने भी अपनी सहमति जताई। वे लगातार पांचवी बार परिषद के अध्यक्ष बने हैं। अध्यक्ष बनने पर उपस्थित विद्वानों, क्षेत्र कमेटी ने उनका भावभीना अभिनंदन किया। विद्वानों ने कोटिश: बधाइयां एवं आपके मंगलमय जीवन हेतु अनंत शुभकामनाएं दी हैं।

इस मौके पर डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन ने कहा कि जैन विद्वानों की प्रमुख संस्था अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद में देश के मूर्धन्य विद्वानों ने महनीय योगदान दिया है और उन विद्वानों की परंपरा में इस संस्था का कार्य करने का सौभाग्य मिला है। यह संस्था आर्षमार्गीय संस्था है। चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज से लेकर वर्तमान तक सभी आचार्यों, मुनिराजों का आशीर्वाद प्राप्त है। जैन संस्कृति तथा जैन आगम की संस्था होने से मैं इसका दायित्व पूर्ण समर्पण भाव से निभाउंगा।

**-डॉ सुनील जैन संचय**

## गुरुदेव ने सब जीवों के कल्याण के लिए कार्य किया है : मुनिश्री वीर सागर जी




**सागर ( विश्व परिवार )।** संसार में जो भी प्राणी हैं वह अपने लिये जीता है सबकी सीमाएं निर्धारित है और लोग सीमाओ का उल्लंघन करते समय कहते हैं यह हमारी सीमा नहीं है सामने वाले की सीमा है। भक्त पहले अपने मंदिर की सोचता है फिर दूसरे स्थान की सोचता है फिर अपने नगर की सोचता है। फिर जिले की, प्रदेश की, देश की और विश्व की सोचता है लेकिन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने हमेशा विश्व कल्याण की बात की है जो जीव उन्हें देखते थे। और जो नहीं देखते थे। उन सबके कल्याण के लिए उन्होंने कार्य किया है उन्होंने कभी किसी के प्रति पक्षपात नहीं किया। ऐसे थे आचार्य श्री विद्या सागर महाराल जिन्होने विश्व के कल्याण के लिए जैन धर्म कि पताका को और आगे बढ़ाने के लिए तीर्थ क्षेत्रों के निर्माण के लिए अद्भुत कार्य किए हैं। यह बात निर्यापक मुनिश्री वीर सागर महाराज ने गोपालगंज जैन मंदिर मे धर्मसभा को सम्बोधित करते यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने सागर को सबसे बड़ा जिनालय सर्वतोभद्र दिया है यह भाग्योदय तीर्थ जैसी पावन भूमि पर बन रहा है जहां पर 6 पंचकल्याणक हो चुके हैं। शास्त्रों में बड़े जिनालयों के बारे में पढा और सुना भी था। लेकिन आचार्य श्रीजी ने सागर वालों को यह सौगात उनके समर्पण के कारण दी है। गुरुदेव ने क्या क्या नहीं दिया महापुरुष वर्तमान को नहीं? भविष्य को जान लेते हैं और उसी दिशा में वह कार्य करते हैं। धर्म सुरक्षित कैसे रहेगा? इसलिए गुरुदेव ने जगह जगह पाषाण के मंदिर बनवाने का आशीर्वाद दिया था कुंडलपुर, नेमावर, रामटेक, बीना बारह सहित करीब कई राज्यों में सैकड़ों स्थानों पर पत्थर के मंदिर का निर्माण कार्य लगातार जारी है। मुनिश्री ने कहा लोगों का दायरा सीमित होता है लेकिन गुरुदेव हमेशा पूरे विश्व कल्याण की बात करते थे।

आचार्य श्री इस धरा से ऊपर उठकर सोचते थे जो कुछ नहीं भी दिखता था। उसके बारे में भी सोचते थे। वे सारी वसुधा एक हो जाए एक परिवार की भांति रहे ऐसे हमारे गुरुदेव थे उदार चित्त वाले वह मेरे तेरे में कभी नहीं पढ़ते थे ना क्षेत्र को बांटने वाले और ना ही भगवान को बांटने वाले जिन्होंने क्षेत्र और गुरु को बांधा है बांटा है। उन्होंने ना तो गुरु को जाना है ना ही गुरु को अपनाया है। आज स्थिति यह है कि गुरु हमारे मन से चलें तो गुरु हमारे हैं और मन से नहीं चले। तो हमारे नहीं।

## जैन धर्म में शास्त्र आराधना का पर्व है श्रुत पंचमी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने बतलाया कि भगवान महावीर के मोक्ष गमन के पश्चात 683 वर्ष तक श्रुत परंपरा चलती रही और इस समय तक श्रुत को लिपिबद्ध करने का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। ईस्वी सन की द्वितीय शताब्दी में गिरनार पर्वत की चंद्र गुफा में तपस्यारत आचार्य धरसेन स्वामी अपनी अल्प आयु जानकर श्रुत विच्छेद के भय से चिंतित हुए क्योंकि उस समय मुनियों की स्मरण शक्ति क्षीण होने लगी थी अत: उन्होंने महिमा नगर जिला सतारा महाराष्ट्र में चल रहे साधु सम्मेलन के आचार्य अरहदबलि को पत्र लिखकर दो योग्य मुनियों को भेजने का अनुरोध किया। आचार्य अरहदबलि के भेजे दो योग्य शिष्य जो कालांतर में पुष्पदंत और भूतबलि नाम से प्रसिद्ध हुए, को आचार्य धरसेन ने जैन आगम का गहन अध्ययन करवाया जिसके परिणाम स्वरूप दोनों शिष्यों ने षटखंडागम नामक ग्रंथ को लिपिबद्ध किया। जिसका एक खंड पुष्पदंत एवं पाँच खंड भूतबली ने लिखे और सन 156 ईस्वी में जेष्ठ शुक्ल पंचमी को ताड़पत्र पर लिखित उक्त ग्रंथ की चतुर्विध श्रावक संघ के द्वारा विधिवत्त पूजा की गई। तब से ही जैन धर्म में श्रुत पंचमी दिवस के अवसर पर शास्त्रों की पूजा भक्ति एवं विनय करने की परंपरा चली आ रही है एवं लोक में यह पर्व श्रुत पंचमी के नाम से विख्यात हुआ। **-कैलाश रारा**

## रत्नत्रय सहित 7 तत्वों पर सही श्रद्धान कर सम्यक दर्शन प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त करने का पुरुषार्थ करें : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी



**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ सहित खांदू कालोनी में विराजित हैं आज की धर्म सभा में आचार्य श्री ने धर्म देशना में बताया कि केवल ज्ञानी परमात्मा जिनेन्द्र भगवान समवशरण की धर्मसभा में विराजित रहते हैं उनकी दिव्य ध्वनि गणधर स्वामी के माध्यम से देशना को सभी प्राणी अपनी अपनी भावना भाषा अनुसार ग्रहण करते हैं आठ कोष्ट में देवता एक में मुनि एकमें आर्यिका श्राविका एकमें मनुष्य तथा एक कोष्टमें तीर्यंच श्रवण करते हैं।आदिनाथ भगवान ने भरत के प्रश्न के उत्तर में बताया था कि तुम्हारे कुल में तुम्हारा पुत्र मरीचि कुमार अंतिम 24 वे तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी होंगे यह सुनकर मरीचि मान कषाय के वसीभूत होकर धर्म सभा से चले गया और बोले अगले भव किसने देखा मैं तो इसी भव में तीर्थंकर बनूंगा और उन्होंने 363 पाखंड मत चलाए।जब अनेक पर्याय में होते हुए मरीचि का जीव वापस मनुष्य पर्याय में भगवान महावीर स्वामी के रूप में आए तब महावीर स्वामी ने उन 363 पाखंड मतों का अपने देशना से खंडन किया।ब्रह्मचारी गज्जू भैय्या एवं समाज अध्यक्ष सेठ अमृत लाल अनुसार आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने उपदेश में बताया कि कर्म कैसे उदय में किसके आएंगे कर्म बंध क्यों होता हैं कोई नहीं जानता सभी जानते हैं राग द्वेष अनादिकालीन संस्कार के निमित्त रागऔर द्वेष होता है ऐसे जीव सतत कर्म का बंध करते रहते हैं कर्म उदय में आने पर निमित्त पर दृष्टि जाती है कि इन्होंने मेरा बुरा किया, इनके कारण मुझे दुख मिल रहा है। भगवान की जिनवाणी जिन शासन कहता है कि हमारे कर्मों के उदय में आने के कारण हम दुखी हैं।भारत देश पराधीनता से स्वाधीन हुआ पराधीनता किसी को भी अच्छी नहीं लगती गृहस्थ जीवन हमारा है इसमें हम भी अनेक कर्म से पराधीन है हमारी आत्मा भी पराधीन है इस पर भी कर्मों, पुद्गल, पर द्रव्य उदय में आने से कर्म बंध है। कर्मों के उदय में आने पर सभी को सहन करना पड़ता है सभी परेशान होते हैं दुखी होते हैं चाहे घर हो, परिवार हो, समाज हो सभी में कर्म उदय के कारण अशांति होती है।तीर्थंकर भगवान अपनी जिनवाणी धर्म रत्नत्रय सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र की औषधि से हमारे जन्म मरण के रोग दूर करने का प्रयत्न करते हैं।आप सभी घर में रहने में अशांति से रहते हैं, मन व्याकुल होकर शांत नहीं रहता है। इसके उपाय में आचार्य श्री ने बताया कि समता धैर्य धन ही अशांति दूर करता है।साधु भी हर परिस्थिति में समता की साधना करते है राजेश पंचोलिया एवम समाज प्रतिनिधि अक्षय डोंगरा अनुसार आचार्य श्री ने कथानक से बताया कि दुकान में ग्राहक अशांति करता है नाराज होता है तब भी आप चुप रहकर शांति रखते हैं क्योंकि आपका व्यापार का स्वार्थ होता है कठोर बात भी आप सहन करते हैं।

## अ.भा. बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी संघ से जुड़े अधिकारियो ने देशभर में विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू की




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा में, अखिल भारतीय बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी संघ (एआईबीओबीओए) से जुड़े अधिकारियों, जिनमें से अधिकांश अधिकारी संगठन हैं, ने आज देश भर में विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू की है। इन कार्रवाइयों में कार्यालय समय के बाद शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन और अपनी मांगों के समाधान के लिए दबाव बनाने के लिए दिन के दौरान काले बैज पहनना शामिल है।

विरोध प्रदर्शनों को प्रेरित करने वाले मुख्य मुद्दे निम्नलिखित हैं- (1) स्थानांतरण नीति का उल्लंघन: हज़ारों अधिकारियों को दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है, जो बैंक के इतिहास में नीतिगत प्रावधानों की अवहेलना करने वाला एक अभूतपूर्व कदम है। (2) कर्मचारियों की कमी: अधिकारियों को कर्मचारियों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण उनके काम के घंटे बढ़ गए हैं, जिसका असर उनके पारिवारिक जीवन, छुट्टी के अधिकार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। (3) अवास्तविक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुचित दबाव। अनुकूल कार्य वातावरण नहीं। (4) अनसुलझे मुद्दे और अधूरे आश्वासन: बैठक के एजेंडे में शामिल किए जाने के बावजूद, कई अधिकारों और सीमाओं को एक दशक से अधिक समय से संशोधित नहीं किया गया है। (5) एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया है कि बैंक प्रबंधन अपने अधिकारियों की दुर्दशा के प्रति उदासीन है, उनके साथ अनुचित व्यवहार कर रहा है और उनकी भलाई की उपेक्षा कर रहा है। एसोसिएशन के बैंक के साथ विकास के दीर्घकालिक दर्शन के बावजूद, यह धारणा बढ़ रही है कि प्रबंधन औद्योगिक संबंधों के टकराव की ओर बढ़ रहा है।

ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे अपना आंदोलन तेज कर देंगे और हड़ताल की कार्रवाई में तब्दील हो जाएंगे।

## सिपेट : रायपुर में आयोजित कौशल प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच का समापन समारोह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर में साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (स्श्वष्टरु), बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य से एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी तारतम्य में सिपेट, रायपुर में 06 माह का मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग कोर्स का समापन समारोह दिनांक 07.06.2024 को आयोजित किया गया। समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ-साथ शत प्रतिशत रोजगार प्रदान करते हुए मेसर्स वीफॉर्म टेक्नोपैक प्राईवेट लिमिटेड, संगारेड्डी, हैदराबाद, मेसर्स पुणे पालिमर्स प्रा. लिमिटेड, चाकन, पुणे, मेसर्स मारेली मदरसन ऑटोमोटिव लाइंटिंग इंडिया प्रा. लिमिटेड, बावल, हरियाणा में रू. 2.00 लाख से लेकर रू. 2.50 लाख तक के सालाना पैकेज के नियोजन के प्रस्ताव पत्र प्रदान किये गये। समापन कार्यक्रम श्रीमती कामना त्रिपाठी, जिला प्रबंधक, कौशल उन्नयन एवं रोजगार जिला उमरिया, मध्य प्रदेश के विशिष्ट आतिथ्य एवं श्री मनोज कुमार राजपूत, प्रशिक्षण प्रभारी, कौशल विकास, सिपेट, रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कामना त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिपेट ने साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य के एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण देते हुए रोजगार की अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे बेरोजगार युवा ने 06 माह कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न उद्योगों में रोजगार प्रदान कर अपना कैरियर संवार रहे है। साथ ही यह अनुरोध किया गया कि सिपेट में भविष्य में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थी अधिक से अधिक संख्या में अपने आस-पास के युवा साथियों को जागरूक एवं प्रेरित कर उनके जीवन में रोजगार की अवसर प्रदान करने में सहयोग करें। श्रीमती कामना त्रिपाठी जी ने भविष्य में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की साथ ही सिपेट में प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि सिपेट, रायपुर में इस वर्ष एसईसीएल, बिलासपुर के माध्यम से 1200 बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें 800 युवाओं का प्रशिक्षण चल रहा है तथा अन्य 400 हेतु आवेदन की प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम में सिपेट, रायपुर से श्री नीतेश जैन, प्रशासनिक अधिकारी, नियोजन अधिकारी श्री सत्यजीत प्रधान, पाठ्यक्रम प्रभारी श्री विनय कुमार, श्री नीरज कुमार सार्वा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## Unacademy रायपुर के सुधांशु झा ने JEE में AIR-25 (PWD) लाकर किया प्रदेश का नाम रोशन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सुधांशु झा की कहानी साहस और दृढ़ता का एक अद्वितीय उदाहरण है। सुधांशु, जो बोलने और लिखने में असमर्थ हैं, ने अपार चुनौतियों को पार करते हुए आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक AIR-25 (PWD) हासिल की। यह उनकी अटूट भावना और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

Unacademyरायपुर के सेंटर हेड सरसिज पाण्डेय ने बताया की सुधांशु का सफर सामान्य नहीं रहा है। जन्म से ही वे शारीरिक अक्षमता के साथ बड़े हुए, जिसने उनके संप्रेषण और लेखन की क्षमता को बाधित किया। लेकिन उनकी अडिग भावना और अपने सपनों को पूरा करने की प्रबल इच्छा ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अपने परिवार के सहयोग और अनअकैडमी रायपुर के समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में, सुधांशु ने देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक की तैयारी शुरू की। उनके माता-पिता, जो उनकी स्थायी शक्ति के स्तंभ रहे हैं, ने उनके सीखने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान किया और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें आवश्यक संसाधन प्राप्त हों।

Unacademyरायपुर के academic हेड धीरेन्द्र अवस्थी ने बताया की अनअकैडमी में, शिक्षकों ने सुधांशु की क्षमता को पहचाना और उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अपनी शिक्षण पद्धतियों को अनुकूलित किया। उन्होंने संकेतों, दृश्य सामग्री और नवीन तकनीकों के माध्यम से उनसे संवाद किया, जिससे सुनिश्चित हुआ कि सुधांशु को पूरी शिक्षा मिल सके।

सुधांशु की सफलता उनकी अथक मेहनत और उनके शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है। उनकी कहानी न केवल उनके लिए, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है जो जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। यह साबित करता है कि यदि मन में सच्ची लगन और समर्पण हो, तो कोई भी बाधा असंभव नहीं है। सुधांशु की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गर्व महसूस कराया है, बल्कि उन्होंने पूरे समाज को यह संदेश दिया है कि शारीरिक अक्षमताएं कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। सुधांशु की यह प्रेरणादायक यात्रा हमें यह सिखाती है कि किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उनके अद्वितीय संघर्ष और सफलता की यह कहानी हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को तेजी से करे पूर्ण – कलेक्टर

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास एवं शासकीय अस्पतालों में भी नलजल कनेक्शन प्रदान करने निर्देश दिये। बैठक में ईई पीएचई सह सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री पंकज जैन ने जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग नलजल, नवीन एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं से संबंधित प्रगतिरत कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने मिशन के तहत जल परीक्षण हेतु एफ्टीके एवं एच2एस किट क्रय करने का प्रस्ताव पर चर्चा की। साथ ही नल जल योजनाओं के कार्योत्तर भुगतान एवं अनुमोदन पर भी चर्चा की। जिला प्रयोगशाला के जल परीक्षण के लिए मल्टीपैरामीटर जल एनालाइजर के कार्यों के बारे में भी चर्चा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### वीडियो गेम फ्री फायर की लत ने ली छात्र की जान

**जशपुर(विश्व परिवार)।** आज के समय में युवा ऑनलाइन गेमिंग की लत में फंसे हुए हैं। इसके चलते युवा अपनी जान गवां रहे हैं. ऐसा ही एक ताजा मामला छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से सामने आया है. फ्री फायर गेम की लत के चलते छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि गेम में पैसे हारने पर डांट पड़ने के डर से लड़के ने घर में ही आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। यह मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र के कलिया बनखेता गांव का है. यहां एक 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. जानकारी के अनुसार, छात्र मोबाइल फोन में फ्री फायर गेम खेलता था और पैसे लगाकर गेम खेला करता था. वहीं छात्र गेम में पैसा हार गया और घर वालों की डर से वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. बताया जा रहा है कि छात्र पूर्व में भी अपने रिश्तेदारों से पैसा लेकर हार चुका था. बार-बार हारने के कारण उसने अपने परिवार वालों के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

### नदी घाटों से रेत का उत्खनन व परिवहन पर लगा प्रतिबंध

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मानसून सक्रियता को देखते हुए पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार 10 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। घाटो रेत की परिवहन का कार्य मानसून समापन के बाद 16 अक्टूबर से शुरू होगा। केंद्र सरकार ने सभी खनिज अधिकारियों को नियम का पालन का दायित्व सुनिश्चत करने के लिए कहा है। जिले में 13 रेत घाटों को जिला प्रशासन की ओर से स्वीकृति दी गई थी। घाट बंद होने के पहले रेत के अवैध भंडारण को देखते हुए जिला खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई बढ़ गई है। सप्ताह भर पहल ग्राम सोनपुरी के निकट 100 ट्रैक्टर से भी अधिक मात्रा में डंप किए गए रेत को जिला खनिज विभाग ने जब्त किया है। रेत घाटो के बंद होने से विभन्न निर्माण कार्यों पर व्यापक असर होगा। प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए वैध भंडारण करने वाले ठेकेदारों से रेत खरीदी करनी होगी।

### कारपेट के नीचे में घुस कर बैठा था नाग, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार उस समय दहशत में आ गया जब आचनक उनकी नज़र रसोई में बैठे एक सांप पर पड़ी। रात के समय 9ण्30 बजे के आस पास पूरा परिवार भोजन करने की तैयारी में था। सर्प मित्र ने रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित स्थान छोड़ तब लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम परिवर्तन के साथ सांप रहवासी क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। इसी तरह की घटनाक्रम में ग्राम कुसमुंडा में एक घर में विषैला सांप कारपेट के भीतर छुपा था। घर के लोग भोजन करने की तैयारी में थे। इस दौरान भोजन निकालने के लिए महिला किचन में गई तो देखा एक सांप बैठा हुआ है। सांप को देख महिला भाग खड़ी हुई। फिर डरे सहमे परिवार ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते घर पहुंच कर सांप का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र जितेंद्र सारथी ने बताया यह कोबरा ;नागद्ध सांप हैए जो बेहद ही जहरीला होता हैं और खतरा महसूस होने पर ही काटता है। अच्छी बात रही की रसोई में भोजन बनाने से लेकर खाने की तैयारी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई आखिरकार कोबरा सांप को डिब्बे में बंद किया। जिसके बाद घर वालों ने राहत भरी सास लिया।

## किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों का सरलीकरण कर अधिक से अधिक किसानों को दें लाभ: कलेक्टर




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों का सरलीकरण कर अधिक से अधिक किसानों का लाभ दिया जाए। लैम्पस में प्रत्येक दिन किसानों का पंजीयन, पर्ची काटने और खाद-बीज वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ खरीफ वर्ष के लिए किसानों द्वारा खाद-बीज की मांग जिले के जिन क्षेत्रों से अधिक आ रही है उन स्थानों में भंडारण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर उक्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के गत दिनों किसानों के खातों में हुए राशि हस्तांतरण की जानकारी किसानों से लेने के निर्देश दिए। किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन के कार्य को गति देने भी कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आरआरसी से संबंधित प्रकरणों का एसडीएम कार्यालय को प्रेषित प्रकरणों को जल्द निराकरण करें। उन्होंने मनरेगा के तहत कृषि व संबंध विभागों, वन विभाग,एनआरएलएम को जोड़ कर काम दिया जाए। मनरेगा में अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार देने पर जोर देते हुए मनरेगा कार्ड के शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान फेस-2 अप्रारंभ कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में तालाब खोदने या गहरीकरण का कार्य होना चाहिए। कलेक्टर ने बस्तर, बकावण्ड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 15, 16 एवं 17 जून को शिविर आयोजन के निर्देश दिए। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्माण, मनरेगा कार्ड का शुद्धिकरण, वन अधिकार पट्टाधारक मृत्तक हितग्राहियों की जानकारी अद्यतन करने, राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड में सदस्यों का नाम जोड़ने-हटाने जैसे कार्य किया जाएगा। बैठक में योजनाओं की समीक्षा के दौरान विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत कार्यो के राशि का सदुपयोग कर यूसी-सीसी जारी करने के निर्देश दिए।

## बलौदाबाजार प्रदर्शन मामले में 200 लोगों की गिरफ्तारी

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार में सतनामी समाज के हिंसक प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मंगलवार को 7 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में अब तक 200 आरोपियों को गिरफ्तार हो चुकी है। उपद्रवियों की तलाश के लिए पुलिस की 12 टीमें बनाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज के जरिए टीमें अलग-अलग जिलों में भेजी गई हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरी घटना को लेकर काफी नाराज हैं। मंगलवार को मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई आप लोगों तक जानकारी कैसे नहीं पहुंची। बता दें कि बलौदाबाजार में प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने 75 बाइक, 20 कार और 2 दमकल वाहन को आग के हवाले कर दिया था। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में आगजनी की। इससे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित ध्वजारोहण के पोल पर सफेद रंग का ध्वज लगा दिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद डिप्टी छ्टरूविजय शर्मा सोमवार देर रात घटनास्थल पहुंचकर मौके का जायजा लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर हरिस ने विभिन्न विभागीय कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित कराने को कहा। पीएम आवास योजना की विस्तार से समीक्षा कर, आवास कार्यों को वर्षा काल के पहले तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सभी जनपद पंचायत सीईओ को दिए। पशुपालन एवम् मत्स्य पालन हेतु केसीसी की जानकारी ली। साथ ही भण्डार हुए बीज को शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए। सीजीएमएससी के तहत जिले में निर्माण कार्यों की जानकारी। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य और स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया जारी होने की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएम आवास, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन की अद्यतीकरण सहित अन्य निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा किए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री लक्ष्मण तिवारी, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप एसडीएम श्री शबाब खान, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में इसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उक्त सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना आदि की क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु निर्धारित समयावधि में इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा। आयुष्मान कार्ड बनने हेतु आवश्यक राशन कार्ड में आधार से लिंक हेतु प्रकरण निराकरण करने को कहा। साथ ही स्कूल खुलने के पूर्व सभी स्कूल, आश्रम और छात्रावास को मरम्मत करने के निर्देश दिए।

## ग्राम घुमका के मनरेगा श्रमिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले में मिशन जल रक्षा अंतर्गत हर घर जल योजना एवं जल संरक्षण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण हेतु लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा सहयोगी संस्था नवचेतन जन कल्याण एवं महिला उत्थान समिति द्वारा जल संरक्षण के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई और गिरते भूमिगत जल स्तर को कम करने एवं बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को पानी को व्यर्थ बर्बाद नहीं करने और अमूल्य जल के संचय का संदेश दिया गया। घर से निकलने वाले जल को व्यर्थ नहीं करते हुए अपने अपने घरों में किचन गार्डन और सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान देने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान श्रमिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए सदैव जल संरक्षण एवं दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर घुमका सरपंच श्रीमती फुलमती वर्मा, पंच मीना यादव, भागवती मरावी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी, सभी जिला समन्वयक, सहयोगी संस्था नवचेतन जन कल्याण के कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के अस्पतालों को मानकों के आधार पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापोटी को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट जारी किया गया है। गौरतलब है कि जिले में अब तक 3 अस्पतालों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिल चुका है। इस उपलब्धि के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने पूरे विभाग को बधाई देते हुए बताया कि इस सर्टिफिकेशन के बाद संस्थान को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि से स्वास्थ्य सुविधाओं मे इजाफा होगा, जिसका लाभ क्षेत्र के जन सामान्य को मिल सकेगा। हमारी प्राथमिकता में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र के लिए अस्पतालों का 12 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है, जिसके अंतर्गत मरीज संतुष्टि, संक्रमण नियंत्रण, क्लिनिकल सर्विसेस, सेवा प्रदायगी, सपोर्ट सर्विसेस, इनपुट, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। जो इन सभी मूल्यांकन पर पास होता है, उसे ही एनक्यूएएस सर्टिफिकेट दिया जाता है।

## शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टि से की जावेगी स्कूली वाहनों की चेकिंग

**धमतरी(विश्व परिवार)।** यातायात पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा द्वारा दिनांक 10.06.2024 को यातायात में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक लिया गया। बैठक में शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व स्कूलों में सचालित होने वाले वाहन जैसे बस, आटो, मैजिक, स्कूल वेन आदि का स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित आवागमन एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराये जाने हेतु परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से जिला परिवहन कार्यालय भोयना में दिनांक 14.06.2024 को प्रात: 10:00 बजे वाहन चेकिंग, वाहन चालको का स्वास्थय परीक्षण एवं यातायात कार्यशाला का आयोजन कराये जाने निर्देशित किया गया। वर्षा ऋतु में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उ?द्देश्य से सर्वाधिक दुर्घटनाजन्य स्थल का चिन्हांकन कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जाने जैसे गति नियंत्रण हेतु रोड स्टापर लगाना, मार्ग के किनारे पेंड़ों में रेडियम रिफ्लेक्टर टेप, अंधे मोंड़ों के आस-पास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराने के साथ ही मार्ग में बैठे रहने वाले अवारा मवेशियों को मार्ग से हटाने उपाय किये जायेगें, जिससे वर्षा ऋतु में होने वाले सड़क दुर्घटना से बचाव होगी। शहर के यातायात को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु निरंतर पैदल पेट्रोलिंग कर नोपार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्यवाही, मार्ग के किनारे दुकान ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को हटाने, मार्ग के किनारे लगे दुकान के सामानों, विज्ञापन बोर्ड को दुकान अंदर कराने, बड़ी वाहनों से हो रही सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने भारी मालवाहक वाहन चालकों का नियमित चेकिंग करने, रांग साईड चलने वालों को समझाईश देकर कार्यवाही करने, एवं यातायात नियमों का पालन कराने दिशा निर्देश दिया गया।

## मारगांव के ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के तहत मिला रहा शुद्ध पेयजल

### गांव के सभी घरों में मिला टेप नल कनेक्शन

### ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने जाहिर की खुशी



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मारगांव के ग्रामवासियों को घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम मारगांव के ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने में खुशी जाहिर की है। जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में टेप नल कनेक्शन दिया गया है। जिससे पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। गांव की महिलाएं घर पर ही स्वच्छ जल मिलने से प्रसन्न है। पहले गांव की महिलाओं को पानी बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में बाहर से पानी लाने की समस्या, लंबी-लंबी कतार लगकर हैंडपंप तथा कुएँ से पानी भरना, समय अधिक लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने से कुओं का सूखना, हैण्डपंप बंद होना की समस्याएं आती थी। जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। जल जीवन मिशन आने से गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिससे महिलाओं का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1990 मीटर एवं राइजिंग मेन 1993 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर कुल 463 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध किया जा रहा है। मारगांव के सरपंच श्री डकेन्द्र चंद्राकर बताते हैं कि गांव के प्रत्येक घर में पर्याप्त मात्रा में सभी को नल से शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। वार्ड नंबर 8 एवं 18 की निवासी भूमिका सिन्हा तथा फ्लटिन सिन्हा ने बताया की गाँव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने् की योजना से गाँव का सूखा खत्म हुआ है। योजना अब द्रुतगति से आगे बढ़ी है, जिससे ग्रामवासी अब राहत की सांस लेने लगे हैं।

## व्यापार समाचार

### टाटा प्ले ने हिंदी, तमिल, और मलयालम में मूल्यवर्धित सेवा एनीमे लोकल पेश की

टाटा प्ले की सेवाओं में एक नई पेशकश एनीमे लोकल शामिल हुई है। टाटा प्ले पर एनीमे लोकल द्वारा भारत में दर्शकों को सर्वश्रेष्ठ जापानी एनीमेशन देखने को मिलेगा। यह विज्ञापन रहित सेवा टाटा प्ले के सभी दर्शकों को तीन अलग-अलग भाषाओं - हिंदी, तमिल और मलयालम में उपलब्ध होगी। गतिशील रहते हुए भी आसानी से देखने के लिए यह सेवा टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध होगी। टाटा प्ले पर एनीमे लोकल द्वारा दर्शक केवल 2 रुपये प्रति दिन के शुल्क में रोमांचक और हृदयस्पर्शी एनिमेटेड कहानियाँ देख सकेंगे। इस सेवा द्वारा नारुतो, सर्जेंट केरोरो, निन्जाबॉय रेंटारो, नारुतो शिपूडेन, ब्लैक क्लोवर, रोबोटन जैसे कई लोकप्रिय एनिमेटेड शो हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में दिखाए जाएंगे। अपने संग्रह में एक और बेहतरीन सेवा शामिल हो जाने के बारे में, टाटा प्ले की चीफकमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, हमारे प्लेटफॉर्म पर सेवाओं की अभिनव श्रृंखला की प्रेरणा हमारे टीवी दर्शकों की विकसित होती हुई पसंद से मिली है। टाटा प्ले पर एनीमे लोकल हमारी विस्तृत पेशकश में एक और नगीना है। दर्शकों के बीच एनिमेटेड कार्यक्रमों की रुचि बढ़ रही है, और उनकी इस रुचि के अनुरूप हम इस नई सेवा के साथ सर्वश्रेष्ठ सामग्री लेकर आए हैं। हम इस संग्रह का निर्माण करने के लिए अपने साझेदार कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को धन्यवाद देते हैं। सोनी ये! की बिज़नेस हेड, लीना लेले दत्ता ने कहा, आज मनोरंजन का विकास अभिनवता द्वारा होता है, जिसमें एनीमे पूरे विश्व में सनसनी लेकर आया है, और भारत में इसका तेजी से विकास हो रहा है।

### सैमसंग इंडिया ने एआई फीचर्स के साथ ओडिसी ओएलईडी, व्यूफिनिटी और स्मार्ट मॉनिटर्स के 2024 मॉडल्स लॉन्च किए

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने 2024 लाइनअप में ओडिसी ओएलईडी गेमिंग मॉनिटर, स्मार्ट मॉनिटर्स और व्यू फिनिटी मॉनिटर्स लॉन्च किए हैं। इन प्रॉडक्ट्स में उपभोक्ताओं को एक नया अनुभव देने के लिए कई फीचर्स हैं, जिनमें नई एआई क्षमताएं शामिल हैं। ओडिसी ओएलईडी G6 और स्मार्ट मॉनिटर लाइनअप बेहतर एंटरटेनमेंट फीचर्स के साथ ग्राहकों को खुश करते हैं, जबकि एआई पावर्ड स्मार्ट मॉनिटर M8 और व्यूफिनिटी लाइनअप वर्कस्टेशन के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। सैमसंग इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री पुनीत सेठी ने कहा, ओडिसी ओएलईडी गेमिंग मॉनिटर, व्यूफिनिटी और स्मार्ट मॉनिटर्स के हमारे 2024 लाइनअप के ज़रिए, हम उपभोक्ताओं के अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं। एआई तकनीक और मल्टी-डिवाइस अनुभव से संचालित, ओडिसी ओएलईडी गेमिंग मॉनिटर और स्मार्ट मॉनिटर विजुअल एक्सिलेंस और क्रिएटिविटी को नए सिरे से परिभाषित करेंगे। ओएलईडी सेफगार्ड+ तकनीक से लैस, यह दुनिया की पहली बर्न-इन प्रोटेक्शन तकनीक है, जो ओएलईडी गेमिंग मॉनिटर को इमेज बर्निंग से बचाती है।''

### डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 19 जून, 2024 को खुलेगा

**मुबई।** डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड (डी पाइपिंग या कंपनी) इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में बुधवार, 19 जून, 2024 को अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 प्रत्येक) के कुल ऑफर में 3,250 मिलियन तक के नए निर्गम (ताजा निर्गम) और 45,82,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल हैं। (बिक्री के लिए प्रस्ताव)। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए कुल मिलाकर 10.00 मिलियन ( 1 करोड़) तक का आरक्षण शामिल है (कर्मचारी आरक्षण भाग)। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 18 जून, 2024 होगी। बोली/ऑफर सदस्यता के लिए बुधवार, 19 जून, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 21 जून, 2024 को बंद होगा (बोली विवरण)। ऑफर का प्राइस बैंड ?193 से ?203 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 73 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 73 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।
कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है --
(i) वित्तीय वर्ष 2025 में हमारी कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना, जिसका अनुमान 750 मिलियन है;
(ii) वित्तीय वर्ष 2025 में अनुमानित 1,750 मिलियन की राशि हमारी कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ हिस्से का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान के लिए; और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों (निर्गम के उद्देश्य) के लिए है।

### श्रीराम सुपर 4400 और 4466 धान बीज से मिल रही किसान को बेहतर उत्पादकता और रोग प्रतिरोधक क्षमता

**मुंबई:** छत्तीसगढ़ के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की इकाई श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 4400 और श्रीराम सुपर 4466 धान बीज से बदलती प्रकृति में भी उनकी उत्पादकता बढ़ी है द्व आधुनिक अनुसंधान द्वारा विकसित की गई धान की किस्में, श्रीराम सुपर 4400 और 4466, छत्तीसगढ़ के किसानों में बेहद लोकप्रिय हो रही है। इनमें मजबूत तना, लम्बी बालियाँ, भरपुर दाने, रोगों के प्रति सहनशीलता और कम समय व कम पानी में अधिक पैदावार मिलने के चलते ये दोनों बीज छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के किसानों में लोकप्रिय हो गए है। छत्तीसगढ़, बेमेतरा के ऐसे ही एक जागरूक किसान शरद कुमार साहू का कहना है कि श्रीराम सुपर 4400 में बीमारी और कीट की समस्या नहीं है, लंबी बालियाँ है, और कम पानी में भी यह ज्यादा उत्पादन देती है द्व वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 4400 लगाकर भरपूर लाभ लेने की सलाह देते है। साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 4466 से किसान बेहद खुश है, और उत्तम परिणाम पा रहे हैं। छत्तीसगढ़, साजा के ऐसे ही एक किसान परदेसी राम ने श्रीराम सुपर 4466 धान बीज को लगाया, उनका कहना है कि इसमें बीमारी की शिकायत नहीं है और 120 दिन में पक कर तैयार हो जाती है।

# पेरिस 2024: रोहन बोपन्ना, सुमित नागल को टेनिस में मिला ओलंपिक का कोटा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल में अपनी एटीपी रैंकिंग के जरिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। विश्व के वर्ल्ड नंबर-4 रोहन बोपन्ना ने लंदन 2012 और रियो 2016 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पिछले साल नवंबर से युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखते हुए भारत के लिए कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, पिछले सप्ताह एकल रैंकिंग में 18 स्थान की बढ़त के साथ सुमित नागल ने कट-ऑफ में जगह बनाई, जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर है। पिछले सप्ताह 95वें स्थान पर रहे सुमित नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च 77वीं रैंकिंग हासिल की। हालांकि, नागल रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा प्राप्त करने वाले योग्य खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर हैं। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार, टॉप-56 पुरुष एकल खिलाड़ियों ने अपने-अपने देशों के लिए कोटा हासिल कर लिया है। हालांकि, प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला युगल ड्रॉ में 32 टीमें शामिल होंगी, जिसमें एक टीम एक ही देश के एथलीटों की जोड़ी होगी यानी प्रत्येक देश में अधिकतम दो टीमें होंगी।

## एमएमए की दुनिया में भारतीय पहलवान संग्राम सिंह की एंट्री




**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस कदम के साथ, वह एमएमए को अपनाने वाले पहले पुरुष पहलवान और एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। भारत के लिए कुश्ती में लगभग 25 वर्षों तक अपने शानदार करियर के साथ, संग्राम एक एमएमए फाइटर के रूप में अपने नए कदम के लिए तैयार हैं, एक ऐसी शैली जिसमें मूल रूप से पहलवानों के पास मौजूद कौशल शामिल है। संग्राम ने एमएमए फाइटर के रूप में अपने बदलाव पर कहा, एमएमए भविष्य है, पिछले कुछ सालों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में ही सब कुछ बयां करती है। भारत में इस खेल को सबसे ज्यादा दर्शक मिलते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक भी इसी तरह मेरा समर्थन करेंगे। कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे उम्मीद है कि वे मेरे नए सफर में भी ऐसा ही करते रहेंगे। एमएमए विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करूंगा जो एमएमए फाइटर के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। संग्राम ने हाल ही में दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में 6 साल के अंतराल के बाद वापसी कर कुश्ती जगत में हलचल मचा दी और उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ अपने कुश्ती करियर को जारी रखना है। संग्राम का कमबैक सफल रहा।

## सस्ते हुए सोना चांदी



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सोने चांदी के वायदा कारोबार में आज सुस्ती देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,800 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में दोनों के वायदा भाव में नरमी देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 187 रुपये की गिरावट के साथ 71,251 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 264 रुपये की गिरावट के साथ 71,174 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,279 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,072 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 922 रुपये की गिरावट के साथ 89,100 रुपये पर खुला।

## 3,689 करोड़ की ब्लॉक डील के बाद 4 फीसदी तक गिरे इंटरग्लोब एविएशन के शेयर




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** राहुल भाटिया की प्रमोटर एंटिटी इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में आज मार्केट ओपन होने के बाद गिरावट देखने को मिली। इंट्रा ड्रे ट्रेड के दौरान बीएसई पर कंपनी के शेयर 4 फीसदी तक गिर गए और 4361 रुपये पर आ गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट 3,689 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील के बाद देखने को मिली है। यह ब्लॉक डील 4,406 रुपये प्रति शेयर के एवरेज प्राइस पर हुई। इंटरग्लोब एविएशन यानी इंडिगो ने आज ब्लॉक डील के जरिये कंपनी के 2.23 फीसदी यानी 83.7 लाख शेयरों की बिकवाली की। दरसअल, पहले माना जा रहा था कि कंपनी ब्लॉक डील के जरिये 2 फीसदी यानी 77 लाख शेयरों की बिकवाली 4,266 प्रति शेयर पर कर सकती है। हालांकि, अभी तक इस बात का पता नहीं चल सका है कि किसने कितने शेयरों की खरीदारी की है। बता दें कि राहुल भाटिया और उनकी फैमिली इंटरग्लोब एविएशन की प्रमोटर हैं। उनकी इंटरग्लोब एविएशन में कुल हिस्सेदारी 37.75 फीसदी है। लेनदेन में भाटिया फैमिली को आगे की हिस्सेदारी बेचने से पहले 365 दिनों की लॉक-इन अवधि भी दी जाएगी। एक सूत्र के हवाले से बताया कि कई सालों में ऐसा पहली बार है कि राहुल भाटिया वैल्यू अनलॉक करने और कुछ रिटर्न हासिल करने पर विचार कर रहे हैं। 10:06 बजे इंडिगो यानी इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 3.69 फीसदी की गिरावट देखने को मिली और ये 4,398.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी के शेयर 4,400 रुपये पर ओपन हुए थे, जबकि इंट्रा डे के दौरान अभी तक 4,474.30 के हाई और 4,372.55 के लो लेवल तक पहुंचे। इसके शेयर कल यानी 10 जून को 4,566.60 पर क्लोज हुए थे। ढ्ढठ्ठस्रद्बद्दश के शेयरों में 1 साल में 75 फीसदी के करीब उछाल देखने को मिला है, जबकि 6 महीने में इसके शेयरों में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली। गौरतलब है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो अपने बिजनेस में विस्तार कर रही है।

### लाईफस्टाईल पर शुरू हो रही है सीज़न की सबसे बड़ी सेल

**रायपुर।** भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर 7 जून से सीज़न की सबसे बड़ी सेल शुरू हो रही है इस सेल में शपर्स को टप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग-समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफ्ली और क्रोशे ड्रेस, विंटेज ब्लूम को-अर्ड सेट, स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, अल-न्यू लूज़ फिट पैंट, एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जीन्स, प्यूमा, एडिडास, फसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलीन, लरिआल आदि शामिल हैं। इस सेल में शपर्स मौसम के अनुकूल अपैरल, ब्यूटी, वच, फ्रेग्रेंस, फुटवियर, हैंडबैग्स, और एक्सेसरीज़ आकर्षक मूल्य में खरीद सकेंगे। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड धारकों के लिए एक विशेष अफर है, जिसके अंतर्गत उन्हें कम से कम 7000रु. की शपिंग करने पर 5 प्रतिशत की इंस्टेंट छूट दी जा रही है।

### भारतीय विनिर्माताओं को सशक्त करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूती देने के लिए फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली:** 'खिलौना निर्यात हब' के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में घरेलू विनिर्माताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। खिलौनों के मामले में भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार ने कई रणनीतिक पहल की हैं। नेशनल एक्शन प्लान फॉर ट्वायज (एनएपीटी) के रूप में व्यापक नीति तैयार करना इसी दिशा में एक पहल है। एनएपीटी के तहत मुख्य पहल का उद्देश्य गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और बाजार में विस्तार के माध्यम से भारतीय खिलौना उद्योग को नई ऊंचाई पर पहुंचाना है। पूरे भारत से सैकड़ों खिलौना विनिर्माताओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। इसमें फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर संवादात्मक एवं विशेषज्ञों की अगुआई में परिचर्चा का आयोजन किया गया। गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और उद्योग के मानकों का अनुपालन जैसे विषयों को परिचर्चा के केंद्र में रखा गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय खिलौना विनिर्माताओं को जरूरी उपकरणों, जानकारियों और संसाधनों से लैस करना है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ सके और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिले।


**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

नि.आ.क्र./ ......05........ /व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 06/06/2024

**—:: संक्षिप्त मैनुअल प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::—**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर जिला के जिला जल प्रयोगशाला ( एन.ए.बी.एल.) में $H_2s$ Viles की आवश्यकता है, उपकरण क्रय हेतु निविदाएँ प्रपत्र "सी" में निर्माता / अधिकृत विक्रेता/ वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत प्रदायकर्ता फर्मो से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रं. | कार्य का विवरण | मात्रा | अनु0 लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला बीजापुर अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जिला जल प्रयोगशाला (एन.ए.बी.एल.) के लिए $H_2s$ Viles की आवश्यकता हेतु उपकरण क्रय कार्य। | As per List | 4.00 |

नोट:— उपरोक्त निविदा कार्यो की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यलयीन अवधि में **दिनांक 24.06.2024** तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

G- 242500218/2

**कार्यपालन अभियता**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड़
बीजापुर

विष्णु के सुशासन से
संवर रहा छत्तीसगढ़

# सुशासन और समग्र विकास के



# 6 माह



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विकास की नई राह

- कृषक उन्नति से समृद्ध किसान, 3100 रुपए में खरीदा धान
- मिला दो वर्षों का 3716 करोड़ रुपए बकाया बोनस
- पीएम आवास से 18 लाख से अधिक परिवारों को अपना मकान, गरीबों का रखा ध्यान
- मुफ्त अनाज से गरीबों का कल्याण, एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्षों तक राशन
- महतारी वंदन से महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की मदद से 70 लाख महिलाओं को मिला बल
- तेंदूपत्ता मानदेय अब बढ़कर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए भुगतान, आदिवासी का सम्मान
- शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिली, युवाओं में चहुँओर खुशी
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित, युवा रहेगा अब निश्चिंत
- 'नियद नेल्लानार' से माओवादी समस्या का पूर्ण निदान, लड़ाई से आगे बढ़ विकास का विधान
- त्वरित निर्णय- सख्त प्रशासन, विगत 6 माह में, 129 माओवादी ढेर, 488 गिरफ्तार, 431 आत्मसमर्पण
- 'रामलला दर्शन योजना' से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का मिल रहा सौभाग्य

SAMVAD- 40358/ 30

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क